तापमान
अधिकतम 30 डिग्री
न्यूनतम 24 डिग्री

हरिभूमि
# इस्पात भूमि
रायपुर, सोमवार, 14 अप्रैल 2025

16 सामाजिक परिवर्तन और संस्कार के लिए शिक्षा बेहद जरूरी : तोखन


17 हनुमान जन्मोत्सव पर भक्तों ने लगाए बजरंगबली के जयकारे




फोटो ऑफ द डे

## कभी देखा है! बाघ को भीषण गर्मी में नल के पानी से प्यास बुझाते

**भिलाई।** मैत्री गार्डन में बाघ रुस्तम रविवार की दोपहर भीषण गर्मी की वजह से बेहाल दिखा। पहले तो उसने नल में लगी लेजम से निकल रहे पानी से अपनी प्यास बुझाई। उसके बाद लेजम को पंजे व मुंह से काटकर अठखेलियां खेलने लगा। उसकी इस अठखेलियों को देखकर सैलानियों ने उसे अपने कैमरे में कैद करने के लिए फोटो क्लिक भी किए। वहीं सैलानियों की जुबान पर एक ही शब्द था कि अपने कभी देखा है कि बाघ अपनी प्यास नल के पानी से बुझा रहा है? उधर मैत्री गार्डन जू प्रशासन बाघ रुस्तम व राणा को गर्मी से राहत दिलाने के लिए नल में लगी लेजम से पानी की बौछार करते भी दिखे।




संजय पाण्डेय

## खबर संक्षेप

### सिम कार्ड का झांसा देकर ठगी, जुर्म दर्ज

**भिलाई।** आधार और बायोमैट्रिक को तीन बार लाइव करने का झांसा देकर फर्जी सिम बनाकर दूसरे को बेचने का मामला सामने आया है। शिकायत पर पुलिस ने सिद्धि विनायक मोबाइल दुकान के युवक के खिलाफ धारा 420, 419, टेली कम्युनिकेशन एक्ट 42(3)(ए) के तहत जूर्म दर्ज किया है। छावनी पुलिस ने बताया कि शास्त्री नगर केम्प 1 निवासी लक्ष्मी चौहान 6 जून 2024 की शाम सिद्धि विनायक मोबाइल दुकान के व्यक्ति ने आधार कार्ड से लाईव फोटो व बायोमेट्रिक लेकर पीड़ित के नाम से सिम नंबर दूसरे को जारी किया। पीड़ित से जानकारी लिए बगैर सिम को बेचकर ठगी किया। युवक ने आधार कार्ड की फोटो ठीक से नहीं आने का झांसा देकर तीन बार लाइव फोटो, बायोमेट्रिक थम लिया था। साइबर पुलिस से पता चला कि आधार कार्ड से दो अन्य सिम नंबर जारी हुआ है। जिसे पीड़िता ने नहीं खरीदा है। सिद्धि विनायक मोबाइल दुकान के युवक द्वारा प्रोसेस ठीक से नहीं होने की जानकारी देकर घटना को अंजाम दिया है।

### चाकू से हमला करने वाले आए पकड़ में

**भिलाई।** चाकूबाजी कर एक युवक को गंभीर रुप से घायल कर फरार होने का मामला सामने आया है। शिकायत पर आरोपी युवकों के खिलाफ पुलिस ने जूर्म दर्ज किया है। आरोपियों को पुलिस ने शिनाख्त कर हिरासत में लिया है। पुलिस ने बताया कि गौतम नगर निवासी संदीप बघेल अपने दोस्तों के साथ खडा हुआ था। इस दौरान अचानक तीन युवक पहुंचे और संदीप से बातचीत करने लगे। इतने में उक्त युवकों ने संदीप के साथ गाली गलौज कर एक युवक जेब से चाकू निकाल कर संदीप पर हमला कर फरार हो गया। संदीप के साथ खडे उसके दोस्तों ने हमला करने वाले युवक का चाकू मारने वाले को पकड़ने का प्रयास किया। लेकिन आरोपी मौके से फरार हो गए। उसके बाद संदीप को तुरंत शास्त्री अस्पताल उपचार के लिए लाया गया। आरोपियों की तलाश में पुलिस जुटी हुई है।

### खम्हरिया नहर माइनर से रिसाली, मरोदा, रूआबांधा, जेवरासिरसा तक बन गए हैं कई डबरी

# जर्जर नहरों से तालाबों में आ रहा पानी, हजारों गैलन पानी हो रहा बर्बाद, मैदान बने जलाशय

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

इस तस्वीर को देखकर लगता है कि नहर के बाजू में एक और तालाब है। लेकिन ऐसा नहीं है। मरोदा-रिसाली, रूआबांधा से लेकर तालपुरी तक ऐसे पानी से भरी डबरियां दिखेंगी। न ही ये डबरी हैं और न ही तालाब। दरअसल जलाशय का पानी टूटी-फूटी नहरों की वजह से इस तरह फैल गया है। जिला प्रशासन की मांग पर भीषण गर्मी को देखते हुए भिलाई-दुर्ग व इससे लगे तालाबों को भरने के लिए 1300 क्यूसेक पानी तांदुला जलाशय से छोड़ा गया है।

अलग खबर



### अब तक 43 तालाब भरे, 26 बाकी

बालोद के तांदुला जलाशय पर ही दुर्ग जिला पानी के लिए निर्भर है। जिला विभाजन के बाद यह जलाशय बालोद जिले में चला गया है। इसलिए दुर्ग जिले को जब भी पानी की जरूरत पड़ती है बालोद के तांदुला जलाशय से पानी लेते हैं। दुर्ग जिले के 69 तालाबों में इस गर्मी निस्तारी के लिए भरा जा रहा है। जलसंसाधन विभाग के मुताबिक अब तक 43 तालाब भरे जा चुके हैं। 26 तालाबों में पानी भरना शेष हैं।

### जर्जर नहरों से पानी की बर्बादी

तादुंला जलाशय से हर साल गर्मी में दुर्ग जिले के निस्तारी के लिए पानी लिया जाता है। इसके अलावा रबी फसल के दौरान वर्षा ॠतु के आखिरी में पानी की जरूरत होने पर धान पकने के लिए पानी लिया जाता है। नहरों की हालत ऐसी है कि हजारों गैलन पानी जर्जर नहरों की वजह से बर्बाद हो रहा है। पानी आसपास खाली जगह पर फैल गया है। करीब 20 साल पहले नहरों का सीमेंटीकरण किया गया था।

### इन चार स्थानों पर सबसे ज्यादा पानी की बर्बादी

**1** मरोदा नेवई शीतला तालाब के आगे नहर का हिस्सा कई जगह से टूट-फूट गई है। यहां से पानी वार्ड 17 शिवपारा स्टेशन मरोदा के नर्सरी के खाली मैदान में फैल गया है। इसी हिस्से का पानी इससे लगे कालोनी चंद्रनगर के आखिरी छोर वाली खाली जगह में भरा हुआ है। विजय चौक पर लोगों के घरों तक पानी भर गया है।

**2** रिसाली सेक्टर के एक बड़े हिस्से में नहर का पानी जमा हो गया है। यहां तालाब जैसी स्थिति देखने को मिल रही। यहां से क्षतिग्रस्त नहर का हिस्सा आगे बढ़ते हुए डीपीएस रिसाली के किनारे पूरे एरिया में है। जहां नहर का पानी भर गया है।

**3** रूआबांधा बीएसपी नल घर कार्यालय के आगे नहर का पानी जमा हो रहा है। यहां रूआबांधा बस्ती और सेक्टर के दोनों तरफ बड़े हिस्से में पानी तेजी से बह रहा है और सामने खाली मैदान पर जमा हो गया है।

**4** बोरसी जाने वाली मार्ग के किनारे नहर क्षतिग्रस्त है। यहां पर नहर से पानी जमा हो गया है। पानी यहां से निकलकर आस-पास एरिया में जमा है। जहां मवेशी बैठ रहे हैं। तालाब में पानी धीमी गति से आ रहा है।

### बजट में प्रावधान

खम्हरिया नहर माइनर की छोटी नहरें जर्जर हो चुकी है। तांदुला जलाशय से भिलाई दुर्ग सहित ग्रामीण इलाकों के तालाबों को निस्तारी के लिए भरने पानी छोड़ा गया है। चार हिस्सों का पेंच जर्जर हैं। इसके लिए राज्य सरकार को पत्राचार किया गया। जिसे राज्य सरकार ने अपने बजट में संधारण के लिए प्रावधान कर लिया है। फंड आते ही यह कार्य प्रारंभ कर देंगे।
- डीएन शुक्ला
एसडीओ, जलसंसाधन विभाग

### अवंती बाई चौक कोहका की घटना

# तेज रफ्तार ट्रक की टक्कर से साइकिल सवार की मौत

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई



तेज रफ्तार ट्रक ने साइकल सवार को जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में साइकल सवार की मौक पर मौत हो गई। ट्रक चालक के खिलाफ पुलिस ने जूर्म दर्ज किया है। स्मृति नगर पुलिस ने बताया कि ट्रक सीजी 04-एचएस 5989 के चालक ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलते हुए सायकल सवार पुरानी बस्ती कोहका निवासी गौतम साहू 50 वर्ष को जोरदार ठोकर मार दी। घटना में गौतम की मौके पर ही मौत हो गई। घटना अवंती बाई चौक कोहका के पास की है। मृतक बीएसपी में प्राइवेट काम करता है। घर से ड्यूटी जाने के लिए निकला था। ट्रक चालक ने गौतम की साइकल को पीछे से ठोकर मारने से वह सड़क पर गिर पड़ा। जिससे सिर समेत शरीर के विभिन्न जगहों पर चोट आई थी। आसपास के लोगों की मदद से ट्रक चालक को पकड़ा गया नहीं तो फरार हो जाता।

- पुलिस ने ट्रक को जब्त कर ड्राइवर को पकड़ लिया है

सूचना पुलिस को दी गई मौके पर पहुंची टीम ने ट्रक समेत चालक को पकड़कर चौकी लेकर गई। गौतम को लोगों ने शास्त्री अस्पताल सुपेला लेकर गए लेकिन चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

पाठक सूचना
हरिभूमि के सुधि पाठकों को अखबार की प्रतियां नहीं मिल रही हो या अन्य अखबार दिया जा रहा हो तो हमें निम्न नंबर पर संपर्क करें या वाट्सअप करें- दुर्ग, भिलाई
9300663610, 7489348301

# तीन से तलाक बोलकर किया दूसरा निकाह, मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

मौखिक रुप तालाक देकर दूसरी युवती से शादी करने का मामला सामने आया है। मुस्लिम महिला की शिकायत पर पति के खिलाफ पुलिस ने धारा 115 (2) बीएनएस,मुस्लिम विवाह विच्छेद अधिनियम वर्ष 2019 की धारा 4 के तहत जूर्म दर्ज किया है। पदमनाभपुर पुलिस ने बताया कि कसारीडीह दुर्ग निवासी रेशमा फातिमा ने शिकायत किया है कि पति मो. रईस खोखर 29 वर्ष उसके साथ मारपीट कर मौखिक तलाक दिया है। रेशमा ने पुलिस को बताया कि पति मो. रईस खोखर के द्वारा तीन तलाक देकर दुसरी महिला से शादी करने की सूचना दी। रेशमा का निकाह मो. रईस खोखर से 16 नवम्बर 2023 को पटेल लॉन, पुराना कामठी रोड, नागपूर में मुस्लिम तेली बिरादरी के रीति रिवाज से संपन्न हुई थी। निकाह में दुल्हे को 107786 रुपए सलामी के तौर पर दिया गया था। इसके अलावा सोने चांदी के जेवरात, सोफा, फ्रिज, वॉशिंग मशीन समेत कई महंगे अन्य सामान भी शादी में दहेज के रूप में दिया गया था।

- 2023 में हुई थी शादी, ससुराल वालों की प्रताड़ना से थी परेशान

निकाह के बाद कसारीडीह दुर्ग रेशमा आ गई। जहां पति और उनके परिवार के साथ रहने लगी। निकाह के 8-10 दिन पति और ससुराल वालों का व्यवहार ठीक था। उसके बाद ससुरालियों का बर्ताव बदलने लगा। रोज रेशमा से विवाद किया करते थे। दहेज में सोने का रिंग और दुकान खोलना 1 लाख रुपए मायके से लाने का डिमांड किया था।

### शादी के 15 दिन बाद ही दहेज की डिमांड

पीड़ित ने पुलिस को बताया कि पति रईस हमेशा रूबीना के साथ मोबाईल पर चैटिंग, वीडियों कॉलिंग पर बात करते है। पूछने पर रईस गाली गलौज मारपीट करता है। उस युवती से रईस शादी भी कर लिया है। शादी के 15 दिन बाद से ही ससुराल वालों द्वारा दहेज का डिमांड करने लगे। पीड़िता की बहन की शादी उसके देवर से हुई है। ससुराल वालों द्वारा मानसिक व शारीरिक रुप से परेशान किया गया। ससुराल वालों ने दोनों बहनों के सोने के जेवरात जिसकी कीमत 5 लाख है। छिपाया या फिर चोरी की गई है।

# कार डिवाइडर से टकराई, तीन घायल

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

आईआईटी भिलाई में बीएमडब्ल्यू कार चालक ने ठोकर मार दी। घटना में बड़ा हादसा नहीं हुआ लेकिन छात्रों के साथ चालक के द्वारा बहसबाजी जमकर चल रही थी। इस दौरान जेवरा पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों पक्षों को समझाने का प्रयास किया गया। विवाद इतना बढ़ गया कि आईआईटी सड़क के सामने लोगों की जमकर भीड़ हो गई। फिलहाल पुलिस ने खबर लिखे जाने तक कोई कार्रवाई नहीं किया है। वहीं तेज रफ्तार कार डिवाइडर से टकराने से तीन लोग घायल हो गए है। घटना स्मृति नगर चौकी का है। घायलों को उपचार कि लिए जिला अस्पताल भेजा गया है।

प्रार्थना सभा

जन्म
14 नवंबर 1990
निधन
13 अप्रैल 2025
स्व. प्रतीक जैन
हमारे सुपुत्र प्रतीक जैन (सुपुत्र अनिल-स्मिता जैन) उम्र 35 वर्ष का आकस्मिक निधन 13 अप्रैल 2025 को हो गया है। दिवंगत आत्मा की शांति हेतु प्रार्थना सभा आयोजित है।
सोमवार दिनाँक 14 अप्रैल 2025
समय : अपरान्ह 4.30 बजे
स्थान : जलाराम वाटिका, पुलगांव रोड, दुर्ग
शोकाकुल
दीपक - रश्मि जैन
प्रकाश - जागृति जैन
अतुल - सेजल जैन
रौनक - ख्याति जैन
अनिल - स्मिता जैन (माता-पिता)
माही (पत्नि) दीरा (सुपुत्री)
पूर्वा - हर्षिल कांकरिया
(बहन एवं जीजाजी)
फर्म : टीम क्रिएटीव • दीपक एडव्हटाईर्जस
भिलाई - दुर्ग

### कार्रवाई को लेकर राजनीति भी शुरू

# खुर्सीपार गौतम नगर के सिवरेज लाइन से 53 कब्जे हटाए

हरिभूमि न्यूज ⏭भिलाई

खुर्सीपार क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 42 गौतम नगर में सीवरेज लाइन का विस्तारीकरण कार्य के लिए कब्जों को हटाने की कार्रवाई रविवार को हुई। यहां ऐसे 53 लोगों के कब्जे हटाए गए जिन्होने सीवर लाइन के ऊपर निर्माण कर लिया था।इस कार्रवाई को लेकर राजनीति भी शुरू हो गई । जिसकी वजह से भारी पुलिस बल तैनात किया गया और इसे अंजाम तक पहुंचाया गया। यहां 14 वें वित्त आयोग से सीवरेज लाइन विस्तार के लिए पैसा आया है। कलेक्टर अभिजीत सिंह के निर्देश पर यह कार्रवाई की गई। प्रभावितों को पीएम आवास योजना में मकान देंगे।



### बीएसपी व निगम की संयुक्त कार्रवाई

भिलाई इस्पात संयंत्र के समय का वहां पर पुराना सीवरेज लाइन बिछा हुआ है। भिलाई इस्पात संयंत्र में कार्यरत कर्मचारी वहां पर निवासी थे। जिनके द्वारा नाली के ऊपर अतिरिक्त निर्माण कर लिया गया था। कुछ लोगों ने अपने अन्य परिवार वालों को लाकर के खाली जगह पर बसा दिया था। जिसके कारण सीवरेज सफाई की समस्या हो रही थी, जो बहुत पुराना हो गया था। इसलिए बीएसपी और निगम दोनों ने अतिक्रमण हटाने में संयुक्त मुहिम चलाई।

### चार बार नोटिस के बाद भी चुप्पी

निगम आयुक्त राजीव पांडेय ने बताया कि जब भी कार्रवाई के लिए निगम का दल जाता था कभी बच्चों का पेपर, कभी त्यौहार का सीजन जैसी की समस्या सामने रखने से काम रुक जाता था। निगम ने पूर्व में 4 बार सबको नोटिस दे चुकी है। जितना हिस्सा अतिक्रमण में आ रहा था उतने पर लाल पेंट से मार्किंग कर दिया गया था। उनसे बार-बार अपील की जा रही थी की अपना अवैध का अतिक्रमण कब्जा हटा ले, इसके कारण विगत 6 माह से निर्माणाधीन कार्य प्रभावित हो रहा है।

### वैशालीनगर व भिलाईनगर विधायक आमने-सामने

**व्यवस्थापन हो फिर लोगों के मकान तोड़े- विधायक देवेंद्र**
सीवरेज लाइन के निर्माण में प्रभावित होने वालों के घर को तोड़ा जा रहा है। पहले लोगों को संपूर्ण व्यवस्थापन देना चाहिए उसके बाद ही कोई कार्रवाई होनी चाहिए । बिना व्यवस्थापन की पूरे घर को तोड़ा जा रहा है। जो लोग प्रभावित हो रहे हैं उनकी कोई बात नहीं सुनी जा रही है। प्रशासन को मानवीय मूल्यों का ध्यान रखना चाहिए।

**कोई बेघर नहीं होगा- विधायक रिकेश:** बेघर हम किसी को होने नहीं देंगे। विकास कार्यों में कभी कभी ऐसे निर्णय लेने पड़ते हैं कि कभी किसी का छज्जा, किसी का मकान तोड़ना पड़ता है लेकिन हम उन्हें रहने के लिए प्रधानमंत्री आवास योजना दे रहे हैं। प्रभावित लोग निगम के जोन कार्यालय में जाकर फॉर्म भरकर तत्काल प्रधानमंत्री आवास में शिफ्ट हों।



# भारतीय संविधान के शिल्पकार, भारतरत्न, बोधिसत्व, परमपूज्य डॉ. बाबासाहेब आम्बेडकर की 134वीं जयंती पर मंगल कामना एवं बधाई

देश भर में आज डॉ भीमराव आंबेडकर की 134वीं जयंती बड़े ही धूम धाम के साथ मनाई जा रही है। संविधान निर्माता के बारे में जितना कहा जाए उतना कम है। लेकिन फिर भी आंबेडकर जंयती के अवसर पर हरिभूमि के पाठकों को हम आज उनके जीवन से जुड़ी कुछ ऐसी बातें बताने जा रहे हैं जिन्हें जानकर आप भी प्रसन्न हो जाएंगे। आंबेडकर एक विश्व स्तर के विधिवेत्ता थे। वे एक बहुजन राजनीतिक नेता और एक बौद्ध पुनरुत्थानवादी होने के साथ साथ, भारतीय संविधान के मुख्य शिल्पकार भी थे। वे बाबासाहेब के नाम से लोकप्रिय हैं। इनका जन्म एक गरीब अस्पृश्य परिवार मे हुआ था। एक अस्पृश्य परिवार में जन्म लेने के कारण उन्हें सारा जीवन नारकीय कष्टों में बिताना पड़ा।

बाबासाहेब आंबेडकर ने अपना सारा जीवन हिंदू धर्म की चतुवर्ण प्रणाली और भारतीय समाज में सर्वव्यापित जाति व्यवस्था के विरुद्ध संघर्ष में बिता दिया। हिंदू धर्म में मानव समाज को चार वर्णों में वर्गीकृत किया है ब्राह्मण, क्षत्रिय, वैश्य और शूद्र। शूद्रों को उनसे उच्च वर्ग के लोग अत्यधिक कष्ट देते थे। बाबा साहब ने इस व्यवस्था को बदलने के लिए सारा जीवन संघर्ष किया। इसलिए उन्होंने बौद्ध धर्म को ग्रहण करके इसके समतावादी विचारों से समाज में समानता स्थापित कराई। उन्हें बौद्ध आंदोलन को प्रारंभ करने का श्रेय भी जाता है। बाबासाहेब आम्बेडकर को भारत रत्न से भी सम्मानित किया गया है, जो भारत का सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार है, चूंकि वे विश्व की एक बहुत बड़ी आबादी के प्रेरणा स्रोत हैं, इसलिए उन्हें विश्व भूषण कहना ही उपयुक्त है।

कई सामाजिक और वित्तीय बाधाएं पार कर, आंबेडकर उन कुछ पहले अछूतों मे से एक बन गये जिन्होने भारत में कॉलेज की शिक्षा प्राप्त की। आंबेडकर ने कानून की उपाधि प्राप्त करने के साथ ही विधि, अर्थशास्त्र व राजनीति विज्ञान में अपने अध्ययन और अनुसंधान के कारण कोलंबिया विश्वविद्यालय और लंदन स्कूल ऑफ इकॉनॉमिक्स से कई डॉक्टरेट डिग्रियां भी अर्जित कीं। आंबेडकर वापस अपने देश एक प्रसिद्ध विद्वान के रूप में लौट आए और इसके बाद कुछ साल तक उन्होंने वकालत का अभ्यास किया। इसके बाद उन्होंने कुछ पत्रिकाओं का प्रकाशन किया, जिनके द्वारा उन्होंने भारतीय अस्पृश्यों के राजनैतिक अधिकारों और सामाजिक स्वतंत्रता की वकालत की। डॉ। आंबेडकर को भारतीय बौद्ध भिक्षुओं ने बोधिसत्व की उपाधि प्रदान की है, हालांकि उन्होने खुद को कभी भी बोधिसत्व नहीं कहा।



















# ऑन रोड सेफ्टी में सड़क सुरक्षा पर हुई बातें, हादसा रोकने सभी को लेनी होगी जिम्मेदारी

## न्यायमूर्ति अभय मनोहर स्प्रे ने बैठक में कहा, सडक हादसों को रोकने नियमों का कड़ाई से पालन हो

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

लगातार सड़क हादसे बढ़ रहे है। इसे लेकर सुप्रीम कोर्ट ऑन रोड सेफ्टी के न्यायमूर्ति अभय मनोहर स्प्रे द्वारा दुर्ग जिले के लोक निर्माण विभाग के सभा गृह में संयुक्त सडक सुरक्षा की समीक्षा बैठक ली। इस दौरान न्यायधीश अभय मनोहर स्प्रे ने कहा कि भारत में प्रतिवर्ष 2 लाख लोगों की हादसों में मौत होती है। हर पांच मिनट में 1 व्यक्ति मारा जाता है। वह व्यक्ति किसी घर का चिराग होता या उस परिवार का पालन पोषण करने वाला होता है। मृतक के परिवार पर आर्थिक समस्याओं का बोझ हो जाता है। इस समस्या को दूर करने के लिए आप सभी सभा गृह में मौजूद हैं। सभी मिलकर इस समस्या का समाधान करे सडक दुर्घटना की समस्या सबसे बडी समस्या बन रही है। इसके जिम्मेदार हर शासकीय विभाग है। इसलिए सभी विभाग को सडक के ब्लेक स्पॉट एवं ग्रे स्पॉट स्थलो का निरीक्षण कर जो भी समस्याएं है। उसे जल्द से जल्द दूर करने का कार्य करें। ऐसे स्थानो में भविष्य में हादसों की पुनरावृत्ति न हो। न्यायधीश द्वार पुलिस विभाग को शराब पीकर वाहन चलाने वाले वाहन चालको पर कार्रवाई करने को कहा है। ऐसे वाहन चालको पर बिल्कुल भी रियात न करे। पुलिस विभाग के साथ सभी विभाग ग्राम पंचायत, शिक्षा विभाग, नगर निगम, परिवहन विभाग और अन्य शामिल विभागो को अपने स्तर पर ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूक करने को कहा है। जिसमें जिले के संभाग आयुक्त सत्यनारायण राठौर, आईजी रामगोपाल गर्ग, कलेक्टर अभिजीत सिंह, एसपी जितेन्द्र शुक्ला, अंतविभागीय लीड एजेंसी छ.ग. अध्यक्ष संजय शर्मा समेत रोड सेफ्टी सेल के अधिकारी मौजूद थे।




### एनफोर्समेंट की कार्रवाई से हादसों में कमी होगी

कलेक्टर अभिजीत सिंह द्वारा दुर्ग जिले की वास्तविक स्थिति पर प्रकाश डालते हुए बताया गया तत्पश्चा पुलिस अधीक्षक दुर्ग द्वारा दुर्ग जिले के सड़क दुर्घटनाओं के आंकड़ों को न्यायाधीश के समक्ष प्रस्तुत किया। शहरी क्षेत्र में एनफोर्समेंट की कार्रवाई से शहरी क्षेत्र में सड़क दुर्घटनाओं में कमी आई है। लेकिन ग्रामीण क्षेत्रों में सड़को का विकास होने सें लोग लापरवाही पूर्वक वाहन चालाने से हादसे का शिकार हो रहें है। ट्रैफिक एएसपी ऋचा मिश्रा द्वारा बैठक के मीटिंग एजेंडा बिंदु को बारी-बारी से न्यायाधीश के समक्ष पेश किया। महिलाओं को अपने घर पुरूषो को नशे की हालत में वाहन न चलाने समझाईश दे। दो पहिया वाहन चलाते समय आईएसआई कंपनी के हेलमेट का प्रयोग करने, नाबालिक को वाहन चलाने न देने जागरूकता कार्यक्रम चलाये जाने को भी कहा है। न्यायधीश व सुप्रीम कोर्ट ऑन रोड सेफ्टी अध्यक्ष अभय मनोहर स्प्रे द्वारा दुर्ग कलेक्टर को जिला स्तरीय एक सडक सुरक्षा समिति गठित करने को कहा है।

## कई लीजधारियों ने किया अतिरिक्त निर्माण

# टाउनशिप का बदला नक्शा, सैकड़ों लीजआवास दोमंजिला में हुए तब्दील

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

बीस साल पूर्व लीज पर आवास खरीदने वाले हजारों भिलाई इस्पात संयंत्र कर्मी और रिटायर कर्मियों को अतिरिक्त निर्माण करना भारी पड़ सकता है। उन्हें नगर निगम के नियमितीकरण चार्ज के रुप हजारों रुपए की चपत लग सकती है। कई लीजधारियों द्वारा अन्य लोगों को भी बेच दिए गए हैं।

उल्लेखनीय है कि वर्ष 2000 में सेल के आर्थिक संकट में होने पर बीएसपी टाउनशिप के क्वार्टरों को लीज पर आवंटित किया गया था। बीएसपी कर्मियों, अधिकारियों और सेवानिवृत्त कार्मियों ने विभिन्न सेक्टरों में पसंदीदा मकानों को निर्धारित राशि देकर तीस साल के लीज पर खरीदा था। पैंतालीस सौ क्वार्टर पांच फेस में लीज पर दिए गए थे। पिछले तेईस साल के दौरान अधिकतर लीजधारियों ने अपने मकानों का सुविधा अनुसार रिनोवेशन कर लिया है। यानी मकानों के तीनों ओर अतिरिक्त कमरों आदि का निर्माण किया है। सैकड़ों मकान दो और तीमंजिला बना लिए हैं। दस साल पूर्व नगर निगम भिलाई द्वारा लीजआवासों में किए गए अतिरिक्त निर्माण के लिए नियमतिकरण शुल्क लिए जाने का ऐलान किया था। इसकी सूचना बीएसपी को भी दी थी। यानी जितना अतिरिक्त निर्माण किया गया है, उसका वर्गफुट हिसाब से नियमितिकरण चार्ज देकर वैध करा लें। लेकिन इसे बीएसपी ने अपनी प्रापर्टी बताते हुए स्वीकार नहीं किया था। इस दौरान बीएसपी द्वारा लीज की प्रक्रिया को पंजीयन के दायरे में लाने का प्रयास किया। लेकिन अब फिर नियमितकरण की तलवार लटक रही है।

### देना पड़ सकता है नियमितीकरण चार्ज



**बदल गया टाउनशिप का नक्शा**

लीजधारियों द्वारा अपने आवासों को मनमाफिक पुनर्निमाण किए जाने से टाउनशिप का नक्शा ही बदल गया है। साठ साल पूर्व बने बीएसपी मकानों के आकार और डिजाइन बदल गए हैं। सैकड़ों आवासधारियों ने डबल स्टोरी मकान बना लिए हैं। सेक्टर एक, सेक्टर दस और सेक्टर पांच में सबसे ज्यादा बड़े बड़े आवास बना लिए गए हैं। आवासों के दोनों और और और कार्नर में रिक्त जमीन पर भी कमरों को निर्माण कर लिया है।

### कई मकानों में खुल गईं दुकानें

टाउनशिप के कई मकानों में आवासधारियों द्वारा दुकानें आदि व्यावसायिक प्रतिष्ठान खोल लिए हैं। विभिन्न सेक्टरों के आवासों में डेली नीड्स, किराना व फैंसी दुकानें, ब्यूटी पार्लर, बुटीक, कपड़ा दुकानें, जिम, प्रापर्टी डीलर दफ्तर और इन्वेस्टमेंट आदि आफिस खोल रखे हैं। निगम सूत्रों के मुताबिक बीएसपी द्वारा लीजधारियों को ये आवास आवासीय उद्देश्य से आवंटित किए हैं न कि कर्मशियल उपयोग के लिए। राज्य शासन से से नियमितीकरण शुल्क को मंजूरी मिलते ही अतिरिक्त निर्माण शुल्क देय होगा।

## साहू समाज के भवन का विधायक ने किया लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

साहू समाज देवबलोदा के द्वारा भवन लोकार्पण व सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया था। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में विधायक डोमन लाल कोर्सेवाडा, विधायक प्रतिनिधि सतीश साहू, महापौर निर्मल कोसरे, सभापति कृष्णा चंद्राकर, पूर्व विधायक प्रतिनिधि राजेश दांडेकर, पार्षद वार्ड 31 भारती राम सूर्यवंशी, प्रदेश सचिव असंगठित ठेका मजदूर कांग्रेस राम सूर्यवंशी, पार्षद शिव कुमारी यादव, समाज के अध्यक्ष भूषण साहू, रोहित साहू, श्रवण साहू समेत साहू समाज देवबलोदा के लोग मौजूद थे।



## शपथ ग्रहण कार्यक्रम में हुए शामिल....




**भिलाई।** बोल बम सेवा समिति के अध्यक्ष एवं उपनेता प्रतिपक्ष नगर निगम भिलाई दया सिंह ने अध्यक्ष, छग वन विकास निगम रामसेवक पैकरा एवं अध्यक्ष, छग भवन एवं अन्य सनिर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल राम प्रताप सिंह के शपथ ग्रहण कार्यक्रम में शामिल होकर बधाई एवं शुभकामनायें दिया।



हरिभूमि लाइव

रायपुर, सोमवार 14 अप्रैल 2025

Email id- haribhoomibhilai@gmail.com

0788- 4091720, Message at - 9755819129


05
दूसरे प्रदेशों से आई बहुओं ने...

लाइव इवेंट

## गर्मी मे राहगीरों के कंठों को तर करने प्याऊ घर का उद्घाटन, पिलाया शरबत



**भिलाई।** ओजस महिला समिति द्वारा हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर में गर्मी में राहगीरों की सहायता के लिए पीने के पानी की व्यवस्था कराने प्याऊ घर की शुरुवात की। इस अवसर पर शर्बत का वितरण कर सेवा कार्य किया गया।

मानव सेवा ही सर्वोपरि मानते हुए भीषण गर्मी में प्यासे राहगीरों को शर्बत पिलाकर उनको गर्मी से राहत दिलाने का कार्य समिति द्वारा किया गया। इस सेवा कार्य में मुख्य अतिथि ओजस महिला समिति की संरक्षक दुर्ग सांसद पत्नी रजनी बघेल ने राम भक्त हनुमान की पूजा अर्चना कर प्याऊ घर का उद्घाटन रिबन काटकर किया। इस दौरान रजनी बघेल ने राहगीरों को शर्बत वितरण भी किया।

उद्घाटन समारोह में पूर्व मंडल अध्यक्ष शेलेंद्र शैंडे, पूर्व पार्षद उपासना साहू, भानू रॉव, रमेश शर्मा और संस्कृति वर्मा सहित अन्य सदस्याओं की उपस्थिति में सेवा कार्य की शुरुआत की गई। अतिथियों का पुष्प गुच्छ से स्वागत किया गया। उन्होंने समिति के सेवा कार्यो की बधाई देते हुए हप संभव मदद करने की बातें कही। रजनी विजय बघेल ने अपने उद्बोधन से समिति के सेवाकार्य की सराहना करते हुए उत्साह वर्धन किया।

प्याऊ घर के उद्घाटन समारोह में समिति की अध्यक्ष ललिता सिंह, सुषमा सिंह, अनीमा सिंह, अर्चना सर्राफ़, आरती सर्राफ़, अल्का शर्मा, संजय सिंह, सुनीता सिंह, संजू शुक्ला, संध्या मण्डलौई, नीलू ठाकुर, रूची सिंह, स्वाति परमार, अंजली बिसेन, मनीषा सिन्हा, मंजू सॉवंता, सुमन सिंह, पर्णिता शर्मा, कल्याणी देवांगन, हर्षिता, ईश्वरी, पूर्णिमा सोनी, सुनीता सोनी सहित अन्य सदस्याएं उपस्थित रहीं।

● सिखों ने मनाया बैसाखी पर्व, नई फसलों की खुशी में मलयाली समाज का आज होगा वीशु और कल बंगाली समाज का नया साल

# स्नान दान का लोकपर्व सतुआन आज, सूर्य और चन्द्र होंगे बिल्कुल आमने-सामने, बन रहा है दुर्लभ पूर्णिमा योग

भारतीय संस्कृति का महत्वपूर्ण पर्व पूर्वी उत्तर प्रदेश और बिहार में सतुआन का पर्व आज मनाया जाएगा। 14 अप्रैल को साल के सबसे ताकतवर सूर्य और चन्द्र बिल्कुल आमने सामने होंगे। जिसे एक दुर्लभ संयोग पूर्णिमा योग माना जा रहा है। आज लोकप्रसिद्ध त्योहार सत्तु संक्रांति या सतुआन पर्व दान-पुण्य कर किया जाएगा। वहीं तमिल व मलयाली समाज राजा महाबली के आने की खुशी में वीशु और बंगाली समाज पोइला बोइशाख बंगाली नववर्ष का पहला दिन सेलिब्रेट करेंगे। वही रविवार को नई फसल की खुशी में सिखों द्वारा बैसाखी का पर्व मनाया।अंग्रेजी कैंलेडर के अनुसार बैसाखी को हर साल 13 या 14 अप्रैल को मनाया जाता है।



**भिलाई।** ज्योतिषाचार्य एवं श्रीमद्भागवत कथा प्रवक्ता आचार्य पण्डित विनोद चौबे ने बताया कि इस बार सत्तू संक्रांति, जिसे सतुआन भी कहा जाता है, इस दिन 14 अप्रैल को सूर्य मीन राशि से अपनी उच्च की राशि मेष राशि में प्रवेश करेंगे और जहां वे 15 मई तक रहेंगे। सतुआन में चना का सत्तू, गुड़ और आम का टिकोरा सेवन जरूर करना चाहिए।

### 15 से 25 अप्रैल तक सूर्य प्रभावशाली

ज्योतिष के अनुसार साल में एक ऐसा अवसर आता है जब सूर्य अत्यधिक प्रभावशाली हो जाते हैं, इस सूर्य का प्रभाव ना केवल पूरे विश्व पर पड़ता है बल्कि हर वर्ग, व्यक्ति और व्यापार पर भी खासा असर देखने को मिलता है। यह अवसर वैसे तो 15 मई तक रहेगा, लेकिन 25 अप्रैल तक अत्यधिक सूर्य प्रभावशाली रहेंगे।



पंडित विनोद चौबे ने बताया कि ज्योतिषीय दृष्टि से चने के सत्तू का संबंध सूर्य, मंगल और गुरु से भी माना जाता है। कालपुरुष में सूर्य आत्मा हैं, मंगल शक्ति, साहस और धैर्य हैं वहीं गुरु ग्रह ज्ञान का प्रतिनिधित्व करते हैं इसलिए सतुआन के दिन यदि चने का सत्तू, गुड़ और जल से भरे घट का दान किया जाए तो कॉन्फिडेंस लेवल बढ़ता है, किसी भी कार्य को करने की क्षमता में वृद्धि होती है और अच्छी दिशा में लोकोपकार कार्य करने की प्रवृत्ति डेवलप होती है जिसकी वजह से व्यक्ति का समाज में यश और सम्मान बढ़ता है, इसलिए आज सूर्य के मेष राशि में आने पर स्टुडेंट्स से लेकर व्यापारियों को भी सत्तू और गुड़ जरूर खाना चाहिए।

### पितरों के लिए श्राद्ध जरूर करें

पं चौबे ने बताया कि सूर्य आत्मा के कारक हैं और आत्मविश्वास के प्रतिमूर्ति हैं सूर्य। यदि कुंडली मे सूर्य शुभ हों तो धन, मान-सम्मान, के साथ साथ सामाजिक, वर्चस्व भी बढ़ाते हैं। कुंभ और कन्या इन दो राशियों के अलावा सूर्य लगभग सभी राशि वालों का किस्मत चमकायेंगे। वैशाखी के पर्व पर मेष की संक्रांति जन्य पूण्य काल और पूर्णिमा योग अत्यंत शुभ संयोग बन रहा है। श्रीमद्भागवत महापुराण एवं धर्मसिंधु के अनुसार मेष की संक्रांति पर किया तीर्थ स्नान एवं पंखा, पानी का पौसरा, तिल का दान करने से अनंत कोटि गुना फल प्राप्त होता है। इस महापर्व पर पितरों के लिए श्राद्ध जरुर करना चाहिए।

### गुरुद्वारे में हुआ लंगर

सिखों के दसवें गुरु गोविंद सिंह ने धर्म की रक्षा करने और समाज की भलाई के लिए 13 अप्रैल को खालसा पंथ की स्थापना की थी। इस खुशी में रविवार को सभी गुरुद्वारों में सुबह से विशेष सबद-कीर्तन गूंजायमान रहे। जिसके बाद लंगर का आयोजन किया गया। इस दौरान काफी संख्या में लोगो ने लंगर छका।



### आज से शुरु हो जाएंगे शुभ कार्य

14 मार्च को सूर्य मीन राशि में आ गये थे, इस कारण एक माह के लिए खरमास लग गया था जो 14 अप्रैल को समाप्त हो जाएगा और नूतन गृहप्रवेश एवं विवाह के शुभ मुहूर्त आरंभ हो जाएंगे। अप्रैल माह में 14,18,20 और 30 अप्रैल तथा मई माह और मई मे 1,5,6,8,9,17,18,22,और जून माह मे 1,2,7,8 जून तक ही विवाह के शुभ मुहूर्त है।

**सूर्य कृपा का प्राप्त होता है लाभ**

संक्रांति जन्य पुण्यकाल में यदि किसी भी नदी अथवा जलाशय के तट पर पितरों का स्मरण कर सत्तू, गुड़ और काला तिल 11 रुपए का दान किया जाए तो जन्मकुंडली में बने पितृदोष समाप्त होते है, जिसकी वजह से रोग अथवा अपमृत्यु का भय समाप्त होता है साथ ही ऐसा करने से सूर्य कृपा का लाभ प्राप्त होता है।

सिटी इवेंट

## स्टील सिटी में हिंदु मुस्लिम एकता की मिसाल, हुसैनी सेना ने बांटा मोहब्बत का शरबत




**भिलाई।** देशभर के कई राज्यों में जहां रामनवमीं और हनुमान जयंती के मौके पर कई जगहों से हिंसा और झड़प के मामले सामने आए हैं, इसी बीच हिंदुस्तान की असली तस्वीर भी देखने को मिली है। दुर्ग जिले के भिलाई में राष्ट्रीय हुसैनी सेना व मुस्लिम समुदाय के लोगों ने हनुमान जन्मोत्सव के मौके पर सुपेला घड़ी चौक पर मोहब्बत का शरबत पिलाकर भिलाई वासियों को हनुमान जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दी। ऐसी तस्वीरें सौहार्द की नज़ीर पेश कर रही हैं।

### शहर में कायम है तहजीब- सोहेल राईन

राष्ट्रीय हुसैनी सेना के जिला अध्यक्ष सोहेल राईन ने बताया कि संस्कारो ओर त्यौहारों की नगरी कहे जाने वाला भिलाई शहर ने फिर एक बार साबित कर दिखाया है कि यहां आपसी भाईचारे की तहजीब अब भी कायम है और आगे भी रहेगी। इसका उदाहरण हमारी हुसैनी सेना के तमाम नौजवानों ने हनुमान जन्मोत्सव के जुलूस में जा रहे श्रद्धालुओ को मोहब्बत का शरबत पिलाया और चना बाटकर सभी का स्वागत किया। भिलाई मिनी इंडिया कहलाता है यहां सभी धर्म के लोग निवास करते है और आपसी भाईचारे का ऐसे ही एक दूसरे के त्यौहार मिल जुल कर बनाते आए हैं।। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से जिला अध्यक्ष सोहेल राईन, मो.रईस, इमाम आफताब अंसारी, अज्जू अहमद चौहान, अजमत हुसैन, शेख यासीन, परवेज सलमानी, रमजान खान, हैदर अली, जिम्मी, इमरान, गुफरान, शाहिद, साबिर अहमद, लुकमान, इमरान, अरमान रजा, मो.जाफर, छोटू गौस, सोहेल अहमद, जहांगीर, मो.अफजल, मो.फैजान, दानिश, अफसर सहित अन्य लोग कार्यक्रम में मौजूद थे।

## कल हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा बंगाली नववर्ष



**भिलाई।** बंगाली समुदाय के लोगों द्वारा इस वर्ष इस साल पोइला बोइशाख या बंगाली नववर्ष 15 अप्रैल, मंगलवार को मनाया जाएगा। पोइला बोइशाख बहुत ही खास होता है। क्योंकि इस दिन से बंगाली नववर्ष की शुरुआत होती है। भिलाई बंगाली समाज द्वारा रविवार को सेक्टर-7 स्थित कार्यालय में बैठक आयोजित की गई। इस बैठक में 15 अप्रैल को आयोजित सांस्कृतिक कार्यक्रम की रूप रेखा तय करते हुए आयोजन को सफल बनाने समाज के पदाधिकारियों व सदस्यों को जिम्मेदारी सौंपी गई। भिलाई बंगाली समाज (बीबीएस) द्वारा मंगलवार को ओपन एयर थियेटर सिविक सेंटर भिलाई में शाम 7.30 बजे से रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस कार्यक्रम में कोलकाता के जी बंगला सारेगामापा फेम और उभरता हुआ प्लेबैक सिंगर अंकन द्वारा नए-पुराने गीतों की प्रस्तुति दी जाएगी।

■ ओपन एयर थियेटर सिविक सेंटर में होगा सांस्कृतिक

आयोजन की तैयारी लगभग पूरी हो चुकी है। सांस्कृतिक कार्यक्रम के दौरान बंगाली कैलेंडर का वितरण भी किया जाएगा।

आयोजन की जानकारी देते हुए मीडिया प्रभारी सुवांकर रॉय ने बताया कि इस कार्यक्रम में पिछले वर्ष दुर्ग जिला सहित अन्य जिलों से करीब चार हजार लोग शामिल हुए थे। बंगाली समुदाय के लोग पोइला बोइशाख के दिन को नए साल के रूप में मनाते हैं। इस दिन लोग एक-दूसरे को नए साल की बधाई व शुभकामनाएं देते हैं और परिवार के सदस्यों और दोस्तों के बीच इस दिन का जश्न मनाते हैं। घर के सभी लोग इस दिन नए-नए कपड़े पहनकर पूजा-पाठ करते हैं और विभिन्न तरह के पकवान बनाए जाते हैं। शुभो नबो बरसो कहकर एक दूसरे को बधाई देते है।

## हनुमान ही हैं, युवाओं के असली प्रेरणापुरुष- आचार्य आर्य

**भिलाई।** सनातन संघ के अनेक संस्थाओं के सहयोग द्वारा हनुमान जयंती से शाकाहार और व्यसन मुक्ति का अभियान चलाया जा रहा है। आर्य समाज के प्रवक्ता आचार्य डॉ अजय आर्य ने बताया कि जयंती के अवसर पर हनुमान के आदर्श चरित्र को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयत्न किया जा रहा है।

आचार्य आर्य ने कहा कि महापुरुषों का जीवन हम सबको ऊंचा उठाना सीखाता है। हम सभी को हनुमान जी से प्रेरणा लेते हुए उनके जीवन आदर्शो और मूल्यों को चिंतन करके आत्मसात करने का प्रयत्न करना चाहिए। पोकेमोन की कार्टून की दुनिया से निकल कर हनुमानजी का सच्चा चरित्र और विद्या तथा तपोबल को प्राप्त करने का प्रयत्न करना चाहिए।

■ शाकाहार और व्यसन मुक्ति का चला रहे अभियान

हनुमान का चरित्र गुणों से भरा हुआ है इसलिए उसे गुण सागर कहकर के पुकारा गया है। हनुमान से भक्ति, सेवा, समर्पण, परोपकार, साहस, आत्मविश्वास और आत्म बल की प्रेरणा मिलती है। हनुमान का चित्र भी वीरता की प्रेरणा देता है। हम सभी को हनुमान के चरित्र का अनुगमन करना चाहिए।



### सनातन संघ व्यसन मुक्ति का चला रहे अभियान

सनातन संघ के प्रदेश अध्यक्ष मनोज ठाकरे ने बताया कि आर्य समाज तथा सनातन संघ के अनेक संस्थाओं के सहयोग से हनुमान के आदर्श चरित्र को जन-जन तक पहुंचाने का प्रयत्न किया जा रहा है। जिसमें युवाओं को प्रशिक्षित कर शाकाहार तथा नशा मुक्ति के लिए प्रेरित किया जाएगा।

जन-जन को जोड़ने के लिए प्रत्येक मंदिर से संपर्क करके युवाओं को नशा मुक्ति के लिए तैयार किया जाएगा। इस अभियान का नेतृत्व सनातन संघ के पदाधिकारी के साथ-साथ आर्य समाज के प्रवक्ता आचार्य डॉ अजय आर्य कर रहे है।।

## के.श्रीदेवी को पीएचडी की उपाधि

भिलाई। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेज़ी माध्यम उत्कृष्ट विद्यालय, सेक्टर-6 भिलाई में कार्यरत अंग्रेज़ी विषय की व्याख्याता डॉ. के. श्रीदेवी को हेमचंद यादव विश्वविद्यालय, दुर्ग द्वारा पीएच.डी. की उपाधि प्रदान की गई है। डॉ. श्रीदेवी ने Impact of Goal Orientation and Academic Resilience on Academic Achievement of Adolescents विषय पर अपना शोधकार्य सफलतापूर्वक पूर्ण किया। उन्होंने अपना यह शोधकार्य घनश्याम सिंह आर्य कन्या महाविद्यालय, दुर्ग के शिक्षा संकाय की प्रोफेसर एवं हेमचंद यादव विश्वविद्यालय के शिक्षा संकाय की डीन डॉ. निशा श्रीवास्तव के निर्देशन में तथा कल्याण स्नातकोत्तर महाविद्यालय, भिलाई की पूर्व उप-प्राचार्य डॉ. पुष्पलता शर्मा के सह-निर्देशन में पूरा किया।



डॉ. श्रीदेवी की इस अकादमिक उपलब्धि पर परिवारजनों, सहयोगियों और शुभचिंतकों द्वारा सराहनीय मानते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी जा रही हैं। स्वामी आत्मानंद शासकीय अंग्रेज़ी उत्कृष्ट विद्यालय - सेक्टर 6 की प्राचार्य दलजीत कोराडा एवं समस्त स्टाफ़ ने शुभकामनाएं दी।

सरस ने भिलाई में भक्त सम्मेलन के साथ अपना 11वां स्थापना दिवस मनाया

# पूर्ण समर्पण का महत्व बताते हुए प्रभु की शरणागति पर दिया जोर, स्थापना दिवस पर हुआ गीता पाठ

कार्नर न्यूज

**भिलाई।** सरस ने कल्याण कॉलेज सभागार, सेक्टर -7 भिलाई में भक्त सम्मेलन आयोजित कर अपना 11वां स्थापना दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया। कार्यक्रम में बिलासपुर रामकृष्ण मिशन के सचिव स्वामी सेवाव्रतानंदजी महाराज मुख्य अतिथि और स्वामी जनार्दनानंद महाराज की उपस्थिति रही।

सारदा रामकृष्ण संघ भिलाई ने अपनी 11वीं वर्षगांठ के अवसर पर इस आध्यात्मिक सभा का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत राज्य के विभिन्न हिस्सों से आए भक्तों के पंजीकरण के साथ हुई, जो ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों माध्यमों से सरस से जुड़े हुए हैं। मुख्य अतिथि और विशिष्ट अतिथि के स्वागत के बाद, कार्यक्रम में वेदांतिक मंत्रोच्चारण और भगवत गीता के भक्ति योग का पाठ चिरंजीव राव द्वारा किया गया। मां सारदा, जैसे हमने देखा विषय पर डॉ हंसा शुक्ला ने वक्तव्य पेश किया। रामकृष्ण, मां शारदा देवी और स्वामी विवेकानंद पर भक्तिपूर्ण भजन झरना कंवर साथियों द्वारा प्रस्तुत किये गए। जिससे पूरा वातावरण आध्यात्मिक उत्साह से भर गया।



### ईश्वर के वचनों में विश्वास की शक्ति

इस अवसर पर मुख्य अतिथि स्वामी सेवाव्रतानंद महाराज के द्वारा निर्देशित सामूहिक ध्यान किया गया। जिसके बाद शरणागति के विषय पर एक अंतर्दृष्टिपूर्ण प्रवचन दिया, जिसमें भगवान की इच्छा के प्रति पूर्ण समर्पण के महत्व पर जोर दिया गया। उन्होंने श्री रामकृष्ण के गृहस्थ शिष्य गिरीश चंद्र घोष के प्रेरणादायक उदाहरण से अपने विचार को स्पष्ट किया, उन्होंने अपनी अटूट भक्ति के माध्यम से सर्वोच्च आध्यात्मिक अनुभव प्राप्त किया। स्वामी सेवाव्रतानंद महाराज ने यह भी कहा कि दिव्य इच्छा के प्रति समर्पण व्यक्ति को सभी भय से मुक्त करता है और जीवन में परम आध्यात्मिक उत्थान की ओर ले जाता है। उन्होंने ईश्वर के वचनों में विश्वास की शक्ति पर भी बात की, जिससे भक्तों को सबसे कठिन परिस्थितियों का भी सामना करने में मदद मिलती है। कार्यक्रम में विनोद पहाड़े, मानिक चौधरी, मनोज कंवर, पाली सरकार, सुबीर राय, श्रद्धा चंद्राकर सहित सैंकड़ो सदस्यों ने कार्यक्रम में भाग लिया। सत्र के समापन अवसर पर भक्तों द्वारा स्वामियों का आशीर्वाद लिया गया और भगवान की प्रसाद ग्रहण किया गया। कार्यक्रम का संचालन संघमित्रा तोकदार द्वारा किया गया।






**सिटी इवेंट**

## भारत विकास परिषद नारायणी शाखा की कार्यकारिणी गठित



**भिलाई।** भारत विकास परिषद नारायणी शाखा भिलाई छत्तीसगढ़ की 2025-26 की नई कार्यकारिणी का गठन हुआ। भारत विकास परिषद नारायणी शाखा भिलाई छत्तीसगढ़ की कार्यकारिणी के गठन के लिए चौहान हाऊसिंग में मीटिंग आयोजित की गई। जिसमें सर्व सम्मति से 2025-26 के लिए महिला सदस्यों का चयन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत वन्दे मातरम गान के साथ की गई। इस दौरान वर्ष 2024-25 के आय-व्यय का लेखा-जोखा का विवरण सदस्यों के समक्ष रखा गया। जो कुछ स्पष्टीकरण के बाद सर्वम्मति से पारित किया गया। कार्यक्रम में स्वागत भाषण उमा सारडा और आभार व्यक्त पुष्पा पांडेय ने दिया। चयनित कार्यकारिणी में अध्यक्ष उमा सारडा, उपाध्यक्ष सुधा स्वामिनाथन, पुष्पा पांडेय, सचिव सविता वार्ष्णेय, कोष सचिव मनिला गेरा, सह सचिव चंचल कोठारी, महिला सहभागिता विद्या सिंह, सेवा प्रमुख संध्या सिंह, पर्यावरण संरक्षण ज्योति गुप्ता, संस्कार सुरभि टंडन सहित अन्य नवीन महिला सदस्यों को कार्यकारिणी सदस्य में स्थान दिया गया। भारत विकास परिषद भिलाई मिडिया प्रभारी ई.वी एन पांडेय ने जानकारी देते हुए बताया कि नारायणी शाखा भिलाई महिलाओं के उत्थान के लिए विभिन्न कार्यक्रम आयोजित कर उन्हें स्वावलंबन की दिशा में आगे बढ़ाने प्रयत्नशील है।

**सिटी लाइव**

## भोजपुरी गौरव सम्मान व चैता मुकाबला के आयोजन में दिखी कला व संस्कृति



**भिलाई।** छग भोजपुरी परिषद द्वारा स्व सुभाष शर्मा के स्मृति में बैकुंठ धाम केम्प 1 भिलाई में भोजपुरी गौरव सम्मान व उत्तरप्रदेश-बिहार के मशहूर कलाकार ब्यास सुरेन्द्र सिंह बलिया व ब्यास साहेब सिंह छपरा द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम चैता का रंगारंग मुकाबला हुआ। कार्यक्रम में दुर्ग सांसद विजय बघेल, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, भिलाई नगर विधायक देवेन्द्र यादव, महापौर नीरज पाल, कार्यक्रम के संयोजक संजय ओझा, छग खादी ग्राम्यद्योग अध्यक्ष राकेश पाण्डे, भोजपुरी परिसद के संरक्षक संतोष शर्मा, उद्योगपति के के झा, समाजसेवी पुरुषोंत्तम देवांगन, जेपी गुप्ता, संतोष राय, धर्मेंद्र यादव ने आयोजन के संबंध में अपने विचार रखे। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए सांसद विजय बघेल ने कहा कि कला व संस्कृति से ही समाज की एक अलग पहचान बनती है। जिसे भोजपुरी परिषद ने बनाकर रखा है। समाज की कला व संस्कृति को बनाये रखने के लिए यह कदम सराहनीय है। कार्यक्रम का संचालन मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, बी पी सिंह व संभु ने किया। इस अवसर पर परिषद के अध्यक्ष प्रभुनाथ बैठा, निशिकांत शर्मा, बी पी सिंह, मीडिया प्रभारी सुरेन्द्र शर्मा, राजीव रंजन शर्मा, प्रेमप्रकाश मिश्रा, सनोज, मनोज चौधरी, मुक्तिनाथ पाण्डे, पार्षद पीयूष मिश्रा, दया सिंह, विनोद सिंह, भोजपुरी समाज कोरबा के प्रवक्ता विनोद सिंह, सुरेश केजरीवाल, धर्मेंद्र जायसवाल, धर्मेंद्र दिवाकर, अतुल पर्वत, भोजपुरी समाज बस्तर प्रभारी जितेन्द्र बहादुर सिंह, बबलू सिंह, इंद्रजीत सिंह, रत्नाकर सिंह, प्रेम लाल साहु, राजेश सिंह सहित अन्य सामाजिक लोग उपस्थित थे।

- बैंकुठधाम केम्प 1 में छग भोजपुरी परिषद का आयोजन

**सिटी इवेंट**

## केंद्रीय विद्यालय में 12वीं वाणिज्य संकाय के लिए आवेदन देने की अंतिम तिथि 17 तक



**भिलाई।** केंद्रीय विद्यालय में कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय के लिए आवेदन देने की अंतिम तिथि 17 अप्रैल रखी गई है। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग में कक्षा 12वीं वाणिज्य एवं कला संकाय में कुछ रिक्त पदों के लिए केंद्रीय विद्यालय संगठन के प्रवेश निर्देशिका के आधार पर प्राथमिकता के अनुसार श्रेणी 1 एवं 2 के लिए प्रवेश के लिए पंजीकरण की अंतिम तिथि कल है। 17 अप्रैल तक इच्छुक अभिभावक व छात्र संपर्क कर सकते। पीएम श्री केंद्रीय विद्यालय दुर्ग राष्ट्रीय स्तर पर अपनी विशेष पहचान रखता है और एकेडमिक उपलब्धियां के लिए देशभर में जाना जाता है। केंद्रीय विद्यालय में अध्ययन करना छात्रों का सपना रहता है। उल्लेखनीय है कि केंद्रीय विद्यालयों में प्रवेश के दौरान केंद्र सरकार के कर्मचारियों को प्राथमिकता दी जाती है और उन्हें प्रथम श्रेणी में रखा जाता है। केंद्र सरकार के कर्मचारियों को प्रथम श्रेणी में रखा जाता है। द्वितीय श्रेणी में केंद्र सरकार की स्वास्थ्य साथी संस्थाओं को रखा गया है। प्राचार्य उमाशंकर मिश्र ने बताया कि श्रेणी एक और दो के योग्य विद्यार्थी ही इसके लिए आवेदन कर सकते हैं। इच्छुक अभ्यर्थी विद्यालय में आकर प्रवेश प्रभारी एवं प्रवेश डेस्क में संपर्क कर सकते हैं।

● महिलाएं अपनी बोली और सौहार्द्र से विदेशों मे लहरा रहीं परचम

# दूसरे प्रदेशों से आई बहुओं ने बनाया लघु भारत, 40 मिनट में दिखी भिलाई के 70 साल के विकास में महिलाओं की भूमिका

**भिलाई।** विवाहित महिलाओं के ग्रुप स्वयंसिद्धा द्वारा रविवार को 15वें स्थापना दिवस के अवसर पर भिलाई की बहूओं पर आधारित लाइट एंड साउंड शो के जरिये भिलाई के विकास में महिलाओं की भूमिका पर शानदार प्रस्तुति दी। जिससे पूरा सभागार तालियों की गड़गड़ाहट से गूंज उठा। स्वयंसिद्धा और बीएसपी के ऑफिसर एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान के आयोजन का मुख्य आकर्षण भिलाई के इतिहास और विकास पर महिलाओं की भूमिका पर आधारित लाइट एंड साउंड शो रहा। जिसमें अन्य प्रदेशों से बहु बनकर भिलाई आई महिलाओं के साथ सामंजस्य बैठाते हुए भिलाई को लघु भारत बनाने की कहानी दर्शायी गई। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि आदिवासी सैनिक संस्थान दिल्ली अध्यक्ष राज माता फुलवा देवी कांगे, वैशाली नगर विधायक रिकेश सेन, विशिष्ट अतिथि ऑफिसर एसोसिएशन अध्यक्ष नरेंद्र बंछोर व परविंदर सिंह उपस्थित थे।



### कोई बिहारी, पंजाबी, मराठी तो कोई तेलुगू, भावनाओं से समझते थे मन की बातें

स्वयंसिद्धा ए मिशन विद ए विजन समूह जो आज छत्तीसगढ़ की महिलाओं के लिए सशक्तिकरण का पर्याय है अपने 15वें वर्ष में प्रवेश कर चुका है। अपने स्थापना दिवस के अवसर पर आज कला मंदिर में सम्मान समारोह के साथ नाटक की प्रस्तुति दी गई जिसे छत्तीसगढ़ की रजत जयंती वर्ष पर छत्तीसगढ़ के रीढ़ की हड्डी भिलाई व भिलाई स्टील प्लांट को समर्पित किया गया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण डॉ. सोनाली चक्रवर्ती द्वारा लिखित व निर्देशित भिलाई की बहू नामक नाटक था। जिसमें 51 महिलाओं ने अपने अभिनय से दर्शको को भिलाई इतिहास में पहुंचा दिया। शो को देखकर भिलाई से प्यार करने वाले लोग अपने आंसू नहीं रोक पाए। हर एक किरदार पर तालियों की गड़गड़ाहट से हाल गूंजता रहा।



### इन्हें मिला स्वयंसिद्धा सम्मान

रविवार को कला मंदिर सिविक सेंटर में शाम 6.30 बजे से कार्यक्रम की शुरूआत हुई। इस दौरान छत्तीसगढ़ की पांच महिला विभूतियों में कला साधना ढांड रायपुर, साहित्य डॉ.जयभारती चंद्राकर, शिक्षा डॉ. शिशिरकणा भट्टाचार्य दुर्ग, राजकुमारी कांगे बघमार समाज सेवा व योगेश्वरी साहू कोड़िया को स्वयंसिद्धा सम्मान से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर स्वयंसिद्धा प्रमुख डॉ. सोनाली के व्यक्तित्व व कृतित्व पर डॉ. रजनी नेल्सन द्वारा लिखित पुस्तक निर्झरा का विमोचन भी किया गया। कार्यक्रम में भावुक करने वाला पल उस वक्त आया जब स्वयंसिद्धा की 90 साल की सदस्या के भाइयों से उनकी 50 वर्ष बाद मुलाकात हुई।

### इन सदस्याओं ने निभाया अहम किरदार

भिलाई की महिलाओं से जुड़े कुछ ऐतिहासिक घटनाक्रम को इसमें जोड़ा गया। जिसमें सीमा कन्नौजे ने शांता जगतपति का किरदार निभाया। जिन्होंने भिलाई में सांप्रदायिक हिंसा के बाद प्रभावित समुदाय के विस्थापन में अहम भूमिका निभाई थी। उन्होंने बताया कि 1970 में जी. जगतपति भिलाई स्टील प्लांट के कार्यकारी प्रमुख थे। तब भिलाई में सांप्रदायिक हिंसा के उपरांत बीएसपी के दूसरे तमाम इंजीनियरों की पत्नियों के साथ मिलकर प्रभावित समुदाय के लोगों को समझाया और अलग बस्ती बनाने से रोक दिया। आज पूरे देश में एकमात्र शहर है जिसकी कौमी एकता की मिसाल दी जाती है। भोपाल से स्वयंसिद्धा के कार्यक्रम में भाग लेने आई रूपाली पटेल ने इंदिरा गांधी का किरदार निभाया जिन्हें भारत चीन युद्ध के समय भिलाई स्टील प्लांट के कार्यकारी प्रमुख सुकु सेन की पत्नी और भिलाई महिला समाज की अध्यक्ष इला सेन ने डेढ़ लाख रुपए का चेक सौंपा था। रूपाली ने बताया कि वह हर साल स्वयंसिद्धा के कार्यक्रम में भाग लेने भोपाल से विशेष तौर पर आती है। राष्ट्रीय नायर विज्ञानी मजूमदार रंजन सूरज आदि ने अलग-अलग प्रांत वीडियो का किरदार निभाया और इस नाटक के द्वारा हुए पूरे भारत की आत्मा को जीवित करने में सफल हुई।

**हनुमान जयंती**

## संगीतमय सुंदरकांड और हनुमान चालीसा का भक्तों ने किया सामूहिक पाठ, हुआ अभिषेक

**भिलाई।** ब्रजमंडल सेक्टर 6 भिलाई के श्री बालाजी हनुमान मंदिर में हनुमान जयंती के अवसर पर विविध भक्तिमय आयोजन किये गए। इस दौरान सुबह हनुमान प्रतिमा का विशेष महाभिषेक पं केशव प्रसाद शर्मा द्वारा कराया गया। जिसमें उदय धवले और संजीव नायर परिवार यजमान थे। शाम को पं सुनील कुमार द्विवेदी की मंडली द्वारा संगीतमय सुंदरकांड पाठ, हनुमान चालीसा, बजरंग बाण सहित संपूर्ण पाठ श्रद्धालुओं की उपस्थित में सामूहिक रूप से किया गया। इस अवसर पर बीएसपी के अधिशासी निर्देशक माइंस विपिन गिरि और सहायक महाप्रबंधक उदय भानु तिवारी द्वारा महाआरती की गई। इसके बाद सभी श्रद्धालुओं ने सामुहिक रूप से भंडारे में प्रसाद का आनंद लिया। इस आयोजन में राकेश यदुवंशी, सूरज मंगला, प्रदीप वर्मा, शील कुमार राघव, हरीश गुहे, विरेन्द्र सिंह ठाकुर, अखिलेश त्रिपाठी, विरेन्द्र शर्मा, गिरीश गुप्ता, अतवीर सिंह राघव, भुवनेश दीक्षित, राजकुमार वर्मा, राजेश शर्मा ने विशेष योगदान दिया।





### हनुमान जयंती पर हुआ भंडारे का आयोजन, बेटियों की शादी में की मदद

**भिलाई।** भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन मुख्य कार्यालय, खुर्सीपार गेट ट्रांसपोर्ट नगर यूनियन ऑफिस एवं एसटीसी गोदाम में हनुमान जयंती हर्षोल्लास के साथ मनाई गई। इस दौरान पूजा और भंडारे का आयोजन किया गया। भिलाई ट्रक ट्रेलर ट्रांसपोर्टर्स एसोसिएशन अपने सामाजिक कर्तव्यों का निर्वहन हुए 3 वाहन चालकों की बेटियों के विवाह के लिए सम्बंधित परिवारों को 25-25 हजार रूपए के चेक प्रदान किया गया साथ ही 2000 से ज्यादा श्रद्धालुओं के लिए भंडारे का भी आयोजन किया गया था। एसोसिएशन द्वारा ट्रांसपोर्ट नगर में वाटर कूलर का उद्घाटन किया गया। इस अवसर पर एसोसिएशन के सभी पदाधिकारियों और सदस्यों ने एकठ्ठे होकर हनुमान महाराज की पूजा-अर्चना और भंडारे में भाग लिया।



**आयोजन**

## मरार पटेल समाज ने प्रेरणा दिवस के रूप में मनाया महात्मा फुले जयंती



**भिलाई।** कन्हैया लाल पटेल मरार महासंघ छात्रावास कोहका भिलाई में भिलाई-दुर्ग मरार पटेल महासंघ द्वारा हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया। इस दौरान सामाजिक क्रांति के जनक महात्मा ज्योतिबा फुले की 199वीं जयंती प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई गई। इस अवसर पर आज के दौर में क्यों प्रासंगिक है महात्मा फुले" विषय पर विचार गोष्ठी में लिलार सिंह पटेल ने विस्तार पूर्वक विचार रखे। उसके बाद ब्रम्हदेव पटेल, रामगुलाल पटेल, जोहित राम पटेल, डॉ. कृष्ण कुमार पाटिल, बिंदुराम पटेल, खेलूराम पटेल ने महात्मा फुले की जीवनी पर सारगर्भित विचार साझा किये। सभी विचारकों ने महात्मा ज्योतिबा फुले के पदचिन्हों में चलकर सामाजिक उत्थान में नई क्रांति लाने की अपील सामाजिक जनों से की। कार्यक्रम में सोनूराम पटेल, प्यारेलाल पटेल, प्रवीण पटेल, छत्रपाल पटेल, खेमराज पटेल, सोमनाथ पटेल, त्रिभुवन पटेल, दीपक पटेल, सुरेश पटेल सहित काफी संख्या में सामाजिक लोग उपस्थित थे।







**संजय रूंगटा ग्रुप का आयोजन, विभिन्न जिलों से विद्यार्थियों ने लिया हिस्सा**

**कार्नर न्यूज**

# मेगा प्लेसमेंट में प्रदेश के विभिन्न जिलों से 3 हजार ने कराया रजिस्ट्रेशन, 773 स्टूडेंट्स हुए चयनित

**भिलाई।** संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटूशन्स भिलाई में जॉब फेयर 2025 का आयोजन किया गया। जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र एवं यंग इंडियन्स के सहयोग से अनेक प्रतिष्ठित कंपनियों ने जॉब फेयर में 773 स्टूडेंट्स का जॉब सिलेक्शन किया गया। लगभग 3000 युवा प्रदेश के विभिन्न जिलों से इस फेयर के लिये रजिस्ट्रेशन किया।



### पुणे, हैदराबाद, गुड़गांव से कंपनियों दिया जॉब

इस अवसर पर संजय रूंगटा ग्रुप ऑफ़ इंस्टीटयूट्स के चेयरमैन संजय रूंगटा ने स्टूडेंट्स का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने कहा की निजी क्षेत्र की प्रतिष्ठित कंपनियों में लगभग 2300 जॉब्स चिन्हित की गई हैं जिनमें योग्यता के आधार पर जॉब मिलेगा। पुणे, हैदराबाद, बैंगलोर, अहमदाबाद, गुडगांव सहित अलग-अलग शहरों की कंपनियों से संपर्क कर इस जॉब फेयर का आयोजन किया गया है। इंस्टीट्यूट्स के डायरेक्टर डॉ साकेत रूंगटा और जनरल मैनेजर ट्रेनिंग एवं प्लेसमेंट डिपार्टमेंट अभिषेक सोनी ने जॉब फेयर की शुरुआत में नौकरी का विवरण और चयन प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी। जॉब फेयर में 773 स्टूडेंट्स का सलेक्शन हुआ और 340 स्टूडेंट्स को शार्ट लिस्ट किया गया, जिसमें कुछ कंपनी में चयन प्रक्रिया जारी है।




### कई कंपनियों ने की शिरकत, दिया जॉब

**SKH Y**-टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, पेटीएॅम, जस्ट डायल, रेडियंट (क्यूसी), ड्रूल्स , मेटल स्त्रुक्टुरेस प्राइवेट लिमिटेड, टेक्समैको, टाटा मोटर्स (क्यूसी), महावीर ग्रुप, बजाज मोटर्स, योकोहामा, सिम्पलेक्स कास्टिंग, स्क्वायर बिज़नेस सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेड, बोस्को , फ़एिट मोटर्स (क्यूसी), सिम्पलेक्स इंजीनियरिंग , मेधावी एस्पायर प्राइवेट लिमिटेड, सिग्मा इंजीनियर्ड सोलूशन्स , फोक्सकोन (क्यूसी), हिक एजुकेशन , टचस्टोन , मॉर्डन पब प्राइवेट लिमिटेड, जीनस पावर लिमिटेड , आइकॉन सोलर एंड पावर प्राइवेट लिमिटेड, एमआरएफ (क्यूसी) आदि कंपनियों ने इस जॉब फेयर के माध्यम से स्टूडेंट्स को जॉब दी। इस प्लेसमेंट ड्राइव में जिला रोजगार कार्यालय दुर्ग उपसंचालक आर.के.कुर्रे, तरुण खुराना, नेशनल चेयर यंग इंडियंस सहित अन्य सदस्य भी उपस्थित थे। इस दौरान श्री कुर्रे ने कहा की जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केंद्र हमेशा ही स्टूडेंट्स को रोजगार दिलाने में प्रयत्नशील रहता है। उन्होंने बताया की फेयर की जानकारी स्टूडेंट्स तक पहुंचाने के लिए विभिन कॉलेजों में कैंप का आयोजन किया गया है। तरुण खुराना ने कहा की जिले में स्टूडेंट्स को रोजगार के अधिकतम अवसर प्रदान करने के लिए यंग इंडियंस हमेशा आगे रहता है।

# पावर ऑफ अटॉर्नी के दुरूपयोग से जमीन की खरीदी-बिक्री में बढ़ रही धोखाधड़ी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

पावर आफ अटर्नी को लेकर लगातार धोखाधडी की शिकायत सामने आ रही है। जिसे लेकर जिला प्रशासन द्वारा बयान जारी किए गए है। जिसमें कहा गया है कि, आम मुख्तियारनामा देने से पहले उस कागज में स्पष्ट उल्लेख हो कि, अधिकार किस लिए दे रहे है। जिससे इसका दुरूपयोग न हो सके।

जिला प्रशासन के समक्ष कुछ प्रकरण आए है, जिनमें कई व्यक्ति पॉवर ऑफ अटॉर्नी (मुख्तारनामा) के माध्यम से अपनी संपत्तियों का हस्तांतरण कर रहे हैं। जबकि पॉवर ऑफ अटॉर्नी एक ऐसी विधिक लिखत है, जिससे किसी एक व्यक्ति को दूसरे व्यक्ति की ओर से मात्र एक एजेन्ट के रूप में कार्य करने का अधिकार दिया जाता है। मुख्तियारनामा संपत्ति का सौदा करना, संपत्ति को बंधक रखकर ऋण लेना, संपत्ति का विक्रय करना आदि के लिए उपयोग किया जाता हैं। यह सुविधा खासतौर पर उनके लिए उपयोगी होती है जो व्यक्ति स्वयं उपस्थित होकर कार्य न कर सकें। जैसे कि विदेश में रहने वाले या अन्य राज्यों में रहने वाले व्यक्ति, ऐसे व्यक्ति जो गंभीर बीमारी से ग्रस्त होने के कारण उक्त कार्य नहीं कर सकते। वृद्धावस्था के कारण स्वयं कार्य नहीं कर सकते आदि। ऐसे व्यक्ति जो स्वयं अपनी संपत्ति का प्रबंधन कर सकते हैं, स्वयं बैंक एवं अन्य कार्यालय जा सकते हैं, उन्हें पॉवर ऑफ अटॉर्नी नहीं देनी चाहिए।

## पॉवर ऑफ अटॉर्नी के दुरुपयोग से स्वयं को बचाएं

### साफतौर पर कारणों का उल्लेख करें

केवल और केवल विश्वनीय व्यक्ति, जिन्हें आप बहुत अच्छे से परिचित है केवल उन्हें ही आम मुख्त्यार नियुक्ति किया जाना चाहिए। यदि पॉवर ऑफ अटॉर्नी किसी विशेष कार्य के लिए देना आवश्यक हो तो केवल उसी कार्य के करने हेतु सीमित अधिकार के लिए दिया जाना चाहिए। जैसे यदि किसी संपत्ति को केवल किराए पर देना चाहते हैं, जो केवल किरायानामा निष्पादित करने के लिए आम मुख्त्यार नियुक्ति करें। यदि केवल ऋण लेना चाहते हैं तो केवल ऋण लेने के लिए ही अधिकार देवें, अन्य कोई अधिकारी नहीं देना चाहिए। इन अधिकारों को स्पष्ट रूप से आम मुख्त्यारनामा विलेख में लिखवाएं, जो अधिकार प्रदान नहीं कर रहे हैं, उन्हें न लिखवाएं या स्पष्ट रूप से लिखवाएं कि इस आम मुख्त्यारनामा के द्वारा कौन-कौन से कार्य नहीं किया जा सकते हैं।




### जानकारी जरूरी

पावर ऑफ अटॉर्नी देने से पहले भूमि स्वामी को पूरी जानकारी होनी चाहिए। दस्तावेज में इसका पूरा उल्लेख होना चाहिए। ताकि इसका दुरुपयोग रोका जा सके। - **प्रियंका श्रीरंगे**, जिला पंजीयन दुर्ग

### संपत्ति के खरीददार क्या सावधानियां रखें

पॉवर ऑफ अटॉर्नी एक अस्थायी व्यवस्था है और इसे कभी भी रद्द किया जा सकता हैं। यदि पॉवर ऑफ अटॉर्नी देने वाले की मृत्यु हो जाती है या वह दिवालिया घोषित हो जाता है, तो पॉवर ऑफ अटॉर्नी स्वतः ही समाप्त हो जाती है। मूल मालिक जब चाहे इसे रद्द करा सकता है। ऐसी स्थिति में पॉवर ऑफ अटॉर्नी धारक द्वारा किए गए किसी भी कार्य को चुनौती दी जा सकती है, जिससे खरीदार मुश्किल में पड़ सकते हैं। जब भी आप कोई संपत्ति खरीदने का निर्णय लें, तो अनिवार्य रूप से जमीन के मूल मालिक से मुलाकात करें और उनसे संपत्ति के सभी दस्तावेजों की मूल प्रति प्राप्त कर स्वयं सत्यापित करें।

## खबर संक्षेप



### महापौर ने बस स्टैंड में प्याऊ घर का किया शुभांरभ

**दुर्ग।** बस स्टैंड के पास सत्य साईं सेवा समिति द्वारा राहगीरों के लिए शीतल जल उपलब्ध कराने प्याऊ घर खोला गया है। महापौर अलका बाघमार ने एमआईसी सदस्य हर्षिका संभव जैन के साथ सत्य साईं सेवा समिति के सदस्यों के साथ प्याऊघर का शुभारंभ किया। महापौर ने कहा प्याऊ घर की सुविधा मिलने से लोगों को भीषण गर्मी में पेयजल उपलब्ध होता है। स्वयंसेवी संस्थाओं ने हमेशा से इस दिशा में बेहतर काम किया है। उन्होंने कहा कि गर्मी के कारण केवल नागरिक परेशान नहीं होते बल्कि पक्षी भी पेयजल के लिए परेशान होते हैं। उन्होंने नागरिकों से अपील कर कहा कि अपने घर के आंगनए छत और दीवारों में पक्षियों के लिए पानी से भरे सकोरे रखने की व्यवस्था करें। मौके पर समिति के बीपी पांडे, आरके तिवारी, सिन्नरकर, दिलीप ठाकुर, सुंदर बंसल, केआर मुदलियार, संजय कानखोजे, गौरव ठाकुर, नवीन त्रिपाठी, राजेंद्र साहू मौजूद थे।

### अवतरण पर सत्संग दिवस का दिया संदेश



**दुर्ग।** श्री योग वेदांत सेवा समिति भिलाई-दुर्ग के तत्वावधान में संत आशाराम बापू की समिति द्वारा 19 अप्रैल को संत आशाराम बापू का अवतरण दिवस पर विश्व सेवा सत्संग दिवस मनाने का संदेश दिया। इस अवसर पर बैजनाथ पारा से भगवान नाम प्रभात संकीर्तन यात्रा निकाली गई। यात्रा का मुख्य उद्देश्य बापू के अवतरण दिवस के निमित्त समाज में राहगीरों को शर्बत व चना प्रसाद वितरण और पत्रिका के माध्यम से सत्संग पहुंचाना है। इस कड़ी में नगपुरा में शर्बत व चने का वितरण किया गया। समिति द्वारा बताया गया कि 12 से 19 अप्रैल तक दुर्ग जिला में 21 स्थानों पर शर्बत व चने की प्रसादी बांटी जायेगी।

### डिप्टी कलेक्टर को सौंपा गया अतिरिक्त प्रभार

**दुर्ग।** कलेक्टर अभिजीत सिंह ने प्रशासनिक दृष्टिकोण से डिप्टी कलेक्टर हितेश पिस्दा को सौंपे गये कार्यों के साथ-साथ उप जिला निर्वाचन अधिकारी दुर्ग, सामान्य निर्वाचन, उप जिला निर्वाचन अधिकारी, स्थानीय निर्वाचन, परिसीमन पंचायत एवं नगरीय निकाय तथा समय-समय पर कलेक्टर द्वारा सौंपे गए अन्य कार्यों का अतिरिक्त प्रभार सौंपा गया है।

## जयंती : जिलास्तरीय कर्मा महोत्सव में शामिल हुए समाज के सैकड़ों लोग

# सामाजिक परिवर्तन और संस्कार के लिए शिक्षा बेहद जरूरी : तोखन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

जिलास्तरीय कर्मा महोत्सव को संबोधित करते हुए केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू ने कहा कि साहू समाज का गौरवशाली इतिहास रहा है। तोखन ने शिक्षा पर जोर देते हुए कहा कि सामाजिक परिवर्तन और संस्कार के लिए समाज में शिक्षा का विस्तार बेहद जरूरी है। समाज को मजबूत बनाने नियमावली का पालन हो तभी समाज संगठित होगा। तोखन ने बताया कि केंद्र सरकार ने माता कर्मा के नाम पर डाक टिकट भी जारी किया है।

विधायक गजेंद्र यादव ने महोत्सव में कहा कि भक्त माता कर्मा अपनी भक्ति से भगवान श्री कृष्ण को प्रसन्न किया जिसके परिणामस्वरुप भगवान कृष्ण ने उन्हें साक्षात दर्शन देकर समाज कल्याण के लिए आगे बढ़ने की प्रेरणा दी। गजेंद्र ने कहा कि समाज में कुप्रथा को समाप्त करने समाज को जागरुक होना पड़ेगा।

पूर्व मंत्री ताम्रध्वज साहू ने कहा कि समाज को अपने संगठन के नियमावली के अनुसार चलकर संस्कारों एवं परंपरा को जीवित रखे।

प्रदेश अध्यक्ष टहल सिंग साहू ने कहा कि समाज मे कुरीतियों को खत्म करना है एवं संगठित होकर और आगे ले जाना है।

जिला अध्यक्ष नंदलाल साहू ने स्वागत भाषण में केंद्रीय मंत्री एवं विधायक गजेंद्र यादव से 2.32 एकड़ जमीन प्राप्त हुई है भवन के लिए 5 लाख रुपए की राशि स्वीकृत की जाए। इस मांग पर राज्यमंत्री तोखन और विधायक गजेंद्र को समाज की ओर से मांग पत्र भी दिया गया।

दुर्ग जिला साहू संघ ने मानस भवन में जिला स्तरीय कर्मा महोत्सव का आयोजन किया। कार्यक्रम में जिले भर से साहू समाज के 20 हजार लोग शामिल हुए। कार्यक्रम की शुरुआत कलश शोभा यात्रा से प्रातः 9.30 बजे से हुई। महिलाओं ने कलश यात्रा निकाली। भक्त माता कर्मा की महाआरती से प्रातः 11 बजे से हुई। प्रातः 12 बजे सांस्कृतिक कार्यक्रम की रंगारंग प्रतुति, पश्चात सम्मान समारोह का आयोजन दोपहर 1 बजे से किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू, पूर्व गृहमंत्री ताम्रध्वज साहू थे। अध्यक्षता प्रदेश अध्यक्ष छत्तीसगढ़ प्रदेश साहू संघ टहल सिंग साहू ने की। कार्यक्रम में विधायक गजेंद्र यादव, पूर्व मंत्री जागेश्वर साहू, चंदू लाल साहू, श्रीमती रामशिला साहू, दीपक ताराचंद साहू, राजेन्द्र साहू मौजूद रहे। शाम 5 बजे भक्त माता कर्मा की महाआरती एवं राष्ट्रगान के पश्चात कार्यक्रम का समापन हुआ।

### अतिथियों के सामने समाज ने रखी सामाजिक भवन बनाने की मांग



### शोभायात्रा में अरुण वोरा के साथ कांग्रेसी हुए शामिल



दुर्ग जिला साहू संघ और तहसील साहू संघ, दुर्ग शहर द्वारा आयोजित जिला स्तरीय कर्मा महोत्सव के अंतर्गत भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती मनाई गई। इस अवसर पर पूर्व विधायक अरुण वोरा भी उपस्थित रहे। कार्यक्रम को लेकर उन्होंने कहा भक्त माता कर्मा की 1009वीं जयंती पर आयोजित इस भव्य महोत्सव में सम्मिलित होकर मुझे अत्यंत आनंद और गर्व की अनुभूति हो रही है। यह आयोजन हमारी सांस्कृतिक पहचान, समाज की एकता और परंपरा की दृढ़ता को दर्शाता है। मैं इस कार्यक्रम के सभी आयोजकों का, और विशेष रूप से अध्यक्ष – तहसील साहू संघ पोषण साहू एवं अध्यक्ष – जिला साहू संघ नंदलाल साहू का अभिनंदन करता हूं जिन्होंने इसे इतना भव्य स्वरूप प्रदान किया। कार्यक्रम में पूर्व महापौर आर.एन. वर्मा एवं परमजीत सिंह भुई भी अरुण वोरा के साथ उपस्थित रहे।

# करोड़ों के घोटाले के मामले में बैंक ने किया वाद दायर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ मामले में कलेक्टर ने लिया संज्ञान

जिला सहकारी बैंक के 16 समितियों में 4 करोड़ 87 लाख 11 हजार से ज्यादा के घोटाले का मामले में दोषियों को बैंक की लापरवाही के कारण होईकोर्ट से स्टे मिल गया था। इसमें जिला सहकारी बैंक की लापरवाही उजागर हुई थी। इस प्रकरण में बैंक ने अपनी ओर से अधिवक्ता खडे ही नही किया था। जिसके चलते उन्हें कोर्ट द्वारा स्टे दी गई थी।

इस मामले की जानकारी सामने आने के बाद तत्कालीन कलेक्टर ऋचा प्रकाश चौधरी ने भी जिला सहकारी केन्द्रिय बैंक के सीईओ एसके जोशी को फटकार लगाई थी और उन्होने तत्काल वकील बदलने के निर्देश दिए थे। लेकिन इसके बाद भी बैंक ने कोर्ट में वाद दायर नही किया था। हाल ही में नए कलेक्टर अभिजीत सिंह ने भी सप्ताहभर पहले प्राधिकृत अधिकारी के तौर पर बैंक प्रबंधक की बैठक ली थी। इस दौरान उन्होने भी इस घोटाले में शामिल दोषियों को स्टे मिलने की जानकारी दी गई। जिस पर कलेक्टर नाराज हो गए। उन्होने भी सीईओ को जमकर फटकार लगाई थी। जिसके बाद बैक ने एक विज्ञप्ति जारी कर कोर्ट में वाद दायर करने की जानकारी दी थी। इस मामले में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने बताया कि, इसकी मुझे जानकारी है। उन्होने कहा मैने सीईओ को वाद दायर करने निर्देश दिए है।

### इन पर की गई थी कार्रवाई

जांच रिपोर्ट के अनुसार बैंक द्वारा शेष नारायण टोंड्रे समिति प्रबंधक नवागढ़, हटहाडाडू और अंधियारखोर समिति में पदस्थ रहने के दौरान 1 करोड़ 77 लाख 47 हजार 278 रुपए की गड़बड़ी की। श्याम सुंदर कश्यप समिति प्रबंधक मारो के समिति मारो और गुंजेरा में 92 लाख 90 हजार 903 रुपए की आर्थिक अनियमितिता। रामजी खांडे शाखा प्रबंधक नवागढ़, बालसमुंद से सबद्ध समितिं संबलपुर में पदस्थ रहने के दौरान, 9 लाख 92 हजार 961 रुपए की गड़बड़ी। डेरहाराम जोशी समिति प्रबंधक नवागढ़ से संबद्ध समिति रनबोड़ और प्रतापपुर में 25 लाख रुपए की धांधली। हीराधर मैत्री पर्यवेक्षक देवकर, शाखा थानखम्हरिया के खैरझिटी में 87 लाख 63 हजार 843 रुपए की आर्थिक अनियमितता। दीनबंधु पटेल पर्यवेक्षक, साजा और थानखम्हरिया से संबद्ध समिति साजा और हाटरांका में पदस्थी के दौरान 48 लाख 71 हजार 22 रुपए की अनियमितता। सतीश यादव पर्यवेक्षक देवरबीजा, समिति साजा और केवतरा में पदस्थी के दौरान 18 लाख 26 हजार 929 रुपए की गड़बड़ी। राजाराम वर्मा लिपिक, शाखा नवागढ़ में पदस्थापना के दौरान चेक क्लीयरिंग नहीं होने के बाद भी भुगतान कर 5 लाख 68 हजार 513 रुपए और मारो में पदस्थी के दौरान 18 लाख 85 हजार 903 रुपए की गड़बड़ी। कल्याण सिंह ध्रुवे लिपिक बालोद में पदस्थी के दौरान अमानत में खयानत का मामला, राशि 2 लाख 64 हजार 200 रुपए (राशि जमा) पाया गया। जानकारी अनुसार इन्हें बर्खास्त किए जाने की कार्यवाही की गई हैं।

# राज्य में नशाखोरी के कारण बढ़ रहा निरंतर अपराध : वोरा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग



■ शहर के कई मोहल्लों में बढ़ गया है नशे का कारोबार

हालिया समय में छत्तीसगढ़ में अपराधों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। चाकूबाजी, छेड़छाड़, चोरी, हत्या, लूट जैसे अपराध अब आम बात हो चुकी है। दुर्ग शहर भी इससे अछूता नहीं है। विशेषकर सिकोला बस्ती, बघेरा, प्रेमनगर, मोहलाई, उरला, बोरसी और शंकर नगर जैसे बाहरी इलाकों में अपराधों की दर खतरनाक रूप से बढ़ रही है। पिछले महीनों जो अपराध या सड़क हादसे की घटनाएं हुई हैं, उनकी जड़ तक जाने पर एक कारण बार-बार सामने आता है, बढ़ती नशे की लत।पूर्व विधायक अरुण वोरा ने इस पर गहरी चिंता जताते हुए कहा कि नशा अब केवल स्वास्थ्य का नहीं, बल्कि सामाजिक सुरक्षा का संकट बन गया है। उन्होंने सुझाव दिया है कि दुर्ग शहर में प्रशासन और पुलिस को मिलकर निजात अभियान की तर्ज पर विशेष जन-जागरूकता अभियान चलाना चाहिए। स्कूल, कॉलेज, मोहल्लों और सार्वजनिक स्थलों पर नियमित कार्यक्रम आयोजित हों। थानों में काउंसलिंग सेंटर स्थापित किए जाएं। जो लोग नशे के आदी हैं उनकी सूची बनाकर उन्हें पुनर्वास की दिशा में मार्गदर्शन दिया जाए। शराब या नशे की हालत में गाड़ी चलाने वालों पर सख्त कार्रवाई हो।

### रसमड़ा में पोषण पखवाड़ा चलाया गया

**दुर्ग।** महिला एवं बाल विकास विभाग दुर्ग ग्रामीण परियोजना अंतर्गत सेक्टर रसमड़ा के ग्राम पेपरछेड़ी में आयोजित पोषण पखवाड़ा में कुपोषण प्रबंधन एवं बेनिफिशियरी मॉड्यूल का प्रदर्शन किया गया। पर्यवेक्षक शशि रैदास द्वारा महिलाओं को सीसैम कार्यक्रम के संबंध में जानकारी दी गई। सामुदायिक ग्रोथ चार्ट के माध्यम से बच्चों के वजन की लाल हरी पीली लाइनों के महत्व को बताया गया। गर्भवती को सही पोषण व खानपान के फायदे बताए गए, बच्चों का वजन और ऊंचाई लेकर ग्रोथ चार्ट में उनकी स्थिति समझाई गई।

### बाबा के संविधान पर चल रहा है सबसे बड़ा लोकतंत्रः अलका



**दुर्ग।** शंकर नगर स्थित बुद्ध विहार में बाबासाहेब डॉ भीमराव अंबेडकर की जयंती के अवसर पर बुद्ध विहार समिति द्वारा सम्मान एवं सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया। कार्यक्रम में मेयर श्रीमती अलका बाघमार ने मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुई। इस अवसर पर अध्यक्षता समिति अध्यक्ष ज्ञानेश्वर बागड़े ने स्वागत सत्कार किया। इस अवसर पर मेयर श्रीमती अलका बाघमार ने अंबेडकर जयंती की बधाई दी। उन्होंने कहा कि जिन्होंने संविधान का निर्माण किया है। इसके माध्यम से विश्व का सबसे बड़ा लोकतंत्र भारत चल रहा है। बुद्ध विहार समिति शंकर नगर दुर्ग द्वारा सन 1970 से दुर्ग शहर स्तरीय भारत रत्न डॉ बाबा साहब भीमराव आंबेडकर के जयंती समारोह का आयोजन कराया जा रहा है। इस वर्ष 134वीं जयंती समारोह का आयोजन 11 से 14 अप्रैल तक किया जा रहा है। कार्यक्रम में एमआईसी सदस्य चंद्रशेखर चंद्राकर, पार्षद हर्षिका जैन, सावित्री दमाहे, आशीष चंद्राकर और संजय कोहले उपस्थित रहे।

# डॉ. बीआर आंबेडकर जयंती पर आज जिला पंचायत सभागार में होंगे विविध आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ 24 को अटल सुविधा केंद्र का शुभारंभ

डॉ भीमराव अम्बेडकर जयंती के अवसर पर 14 अप्रैल को जिला पंचायत दुर्ग सभा कक्ष में दोपहर 1.30 बजे से जिला स्तरीय कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। उप संचालक पंचायत सुश्री काव्या जैन से मिली जानकारी अनुसार उक्त कार्यक्रम में सांसद, विधायक, जिला पंचायत के अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य एवं जनपद पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सदस्य इत्यादि उपस्थित रहेगें। इस अवसर पर भारतीय संविधान के गौरवशाली इतिहास से अवगत कराते हुए संविधान की प्रस्तावना का वाचन किया जाएगा। प्रत्येक जनपद पंचायत से 10 ग्राम पंचायत के सरपंच एवं सीएससी के व्हीएलई के मध्य अटल डिजिटल सुविधा केन्द्र हेतु एमओयू किया जायेगा। इसके तहत 24 अप्रैल को अटल सुविधा केन्द्र का शुभारंभ किया जायेगा। जिन ग्राम पंचायत में पीएमएवायजी के तहत पंचायत एंबेसडर, आवास साथी हैं, उन्हे विशेष रूप से कार्यक्रम में आमंत्रित कर सम्मानित किया जाएगा और जहां नियुक्त नहीं है वहां उपयुक्त व्यक्ति का चयन किया जाएगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत चल रहे विशेष सर्वेक्षण पखवाड़ा कार्यक्रम के तहत निर्धारित समय पर मोर द्वार साय सरकार महाभियान 15 से 30 अप्रैल तक किये गये सर्वे की जानकारी हितग्राहियों को दी जाएगी। भू-जल स्तर के संबंध में जानकारी देने तथा वाटर हार्वेस्टिंग बनाने के लिए संकल्प दिलाया जाएगा। उक्त कार्यक्रम में मुख्यमंत्री तथा उप

### 275 लोगों ने उठाया स्वास्थ्य शिविर का लाभ

**दुर्ग।** भगवान महावीर जन्म कल्याक महोत्सव समिति दुर्ग द्वारा श्री महावीर कॉन्टिनेंटल ऑर्गेनाइजेशन दुर्ग भिलाई शाखा के सहयोग से ऋषभदेव परिसर में नेत्र जांच एवं चश्मा वितरण का कार्य तथा मैत्री डेंटल कॉलेज के सहयोग से दंत परीक्षण शिविर का आयोजन किया गया। जिसमें सुबह से ही लोगों की जांच कराने हेतु भीड़ जुटी रही। महावीर कॉन्टिनेंटल ऑर्गेनाइजेशन की ओर से वातानूकुलित चलित नेत्र चिकित्सा बस में मरीज की जांच की गई और आवश्यकता अनुरूप डॉक्टर की जांच के पश्चात ड्रॉप एवं चश्मा वितरण का कार्य भी किया गया। शिविर में लगभग 275 से अधिक मरीजों की जांच कर चश्मों का वितरण किया गया।

## शासन-प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए दी आहुति

# आंदोलित सचिवों ने किया हनुमान चालीसा का पाठ

हरिभूमि न्यूज ▶▶| दुर्ग

■ हनुमान जयंती पर किया गया आयोजन

पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के 27वें दिन पंचायत सचिवों ने हनुमान जन्मोत्सव पर हनुमान चालीसा व सुंदरकांड का पाठ कर शासन व प्रशासन को सद्बुद्धि प्रदान करने के लिए यज्ञ आहुति दी। प्रदेश पंचायत सचिव संघ के आह्वान पर पाटन आंदोलन स्थल पर हनुमान जन्मोत्सव के अवसर पर शासन प्रशासन की सद्बुद्धि के लिए सुंदरकांड व हनुमान चालीसा का पाठ किया गया। आंदोलनरत पंचायत सचिवों ने भगवान हनुमान की आरती पूजा करके मोदी की गारंटी व भाजपा के जन घोषणा पत्र में शामिल पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के लिए कामना की।

### सुशासन तिहार के नाम पर हो रही खानापूर्ति

पंचायत सचिव संघ के कार्यकारी प्रदेश अध्यक्ष व दुर्ग जिलाध्यक्ष महेन्द्र कुमार साहू ने बताया कि आंदोलन के 27 वें दिन और पूरे प्रदेश में शासन द्वारा 11 अप्रेल तक सुशासन तिहार के माध्यम से ग्रामीण जनता व हितग्राहियों से विभिन्न योजनाओं के लिए आवेदन लिया गया है जो कि पंचायत सचिव के आंदोलन में चले जाने से मात्र खानापूर्ति हो के रह गया है। शासन की योजनाओं को जनमानस तक पहुंचाने वाला कोई नहीं है और किस हितग्राही को कौन सी योजना के तहत आवेदन करना है जिसका मार्गदर्शन करने वाला कोई नहीं होने के कारण सुशासन त्योहार फीका साबित हो रहा है । उन्होंने सुशासन त्योहार में मोदी की गारंटी को अमल में लाते हुए पंचायत सचिवों को शासकीयकरण कर तृतीय वर्ग शासकीय कर्मचारियों की सुविधा प्रदान करने की मांग की है।



### 200 कार्य हड़ताल से है प्रभावित

प्रांतीय महामंत्री यशवंत आडिल, ब्लाक अध्यक्ष प्रदीप चन्द्राकर, गिरधर वर्मा, बिहारी साहू, द्वारिका यादव सहित सचिवों का कहना है कि नव निर्वाचित सरपंचों का प्रभार नही हुआ है। सरपंचों का प्रभार हुआ है वहा बैंक खाता संचालन रुका हुआ है व डीएससीए 15वें वित्त, प्रधानमंत्री आवास योजना, जन्म-मृत्यु, विवाह, पंजीयन, आय जाति, निवासी प्रमाण पत्र, आयुष्मान कार्ड, आवास प्लस सर्वे, राशनकार्ड, नल जल, मनरेगा सहित विभिन्न निर्माण एवं विकास कार्य सहित 29 विभाग के 200 प्रकार के कार्य प्रभावित है।

### केन्द्रीय राज्यमंत्री तोखन को पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के लिए सौंपा ज्ञापन



जिला स्तरीय भक्त माता कर्मा जयंती महोत्सव मानस भवन दुर्ग में कार्यक्रम के मुख्य अतिथि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन साहू की उपथिति में सचिव संघ के पदाधिकारियों ने मुलाकात करके पंचायत सचिवों के शासकीयकरण के सम्बंध में ज्ञापन सौंपा। राज्यमंत्री को पँचायत सचिवों ने बताया कि भाजपा के जन घोषणा पत्र व प्रधानमंत्री मोदी की गारंटी में 100 दिन के भीतर पंचायत सचिवों का शासकीयकरण करने का आश्वासन दिया गया था। मोदी की गारंटी पूरी करने के लिए 7 जुलाई 2024 को पंचायत सचिव पदस्थापना दिवस पर मुख्यमंत्री द्वारा समिति गठित करके एक माह में शासकीयकरण करने का वचन दिया था, लेकिन राज्य सरकार के 16 माह बीत जाने के बाद भी पंचायत सचिवों के शासकीयकरण नहीं हुआ है। पंचायत सचिव संघ के प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष व दुर्ग जिला अध्यक्ष महेंद्र साहू ने बताया कि केंद्रीय राज्यमंत्री तोखन ने सचिव संघ की पीड़ा को समझते हुए मुख्यमंत्री से चर्चा करने और पंचायत सचिवों की मांगों पर गंभीरतापूर्वक निर्णय लेने का आश्वासन दिया। इस अवसर पर धमधा ब्लाक अध्यक्ष नरेश कुमार साहू, दुर्ग ब्लाक अध्यक्ष निमेष भोयर, कोषाध्यक्ष धारेंद्र देवांगन, हेमन्त साहू उपस्थित थे।

# कुडो चैंपियनशिप में दुर्ग बना ओवर ऑल चैंपियन




**दुर्ग।** तृतीय सबजूनियर, जूनियर एवं सीनियर महिला एवं पुरुष कुडो चैंपियनशिप 2025 का आयोजन स्वामी विवेकानंद सभागार में हुआ। जिसमें छग प्रदेश के 17 जिले के खिलाड़ियों ने अलग-अलग वजन वर्ग के कुल 265 खिलाड़ियों ने हिस्सा लिया। जिसमें दुर्ग जिले से सबसे ज्यादा 53 गोल्ड, 7 सिल्वर और 3 ब्रॉन्ज कुल 63 पदक जीतकर ओवर ऑल चैंपियन का खिताब अपने नाम किया। आयोजन के मुख्य अतिथि नगर निगम के महापौर अलका बाघमारा रही। जिला कुडो संघ की सचिव लीलिमा सोनी ने बताया कि स्वर्ण पदक विजयी खिलाड़ी महाराष्ट्र के पुणे में 16 से 22 मई तक होने वाले तृतीय राष्ट्रीय कुडो चैंपियनशिप में हिस्सा लेंगे। कार्यक्रम में विशेष अतिथि कुडो संघ की चेयरमैन अनुराधा सिंह, पद्मानभपुर पार्षद लीलाधर पाल, कसारिडीह वार्ड 44 पार्षद मनीष कोठारी, मनीष ताम्रकार, कुडो कोच भूपत साहू, मनीष साहू, इंदु साहू एवं तृप्ति साहू, जितेन्द्र सिंह राजपूत उपस्थित रहें।

## खबर संक्षेप



### नवनिर्वाचित जनप्रतिनिधियों का किया सम्मान

**अंडा।** उपक्षेत्र अंडा चन्द्रनाहु कुर्मी चंद्राकर समाज के वार्षिक बैठक में समाज से चुनकर आय जनप्रतिनिधियों का सम्मान किया गया। जिसमे गुंडरदेही जनपद अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर, लोमश चंद्राकर सभापति जनपद पंचायत दुर्ग, अजीत चंद्राकर जनपद सदस्य दुर्ग, सरस्वती चंद्राकर सरपंच सिरसिदा, युगल किशोर कोकड़ी सरपंच, कार्यक्रम में पूर्व केंद्रीय अध्यक्ष अश्वनी चंद्राकर, दुर्ग राज चंद्राकर समाज अध्यक्ष प्रदीप चंद्राकर, कुंदन चंद्राकर, पदमाकर चंद्राकर अध्यक्ष व्यापारी प्रकोष्ठ दुर्ग राज, दीनानाथ चंद्राकर अध्यक्ष अंडा उपक्षेत्र चंद्राकर समाज, बसंत चंद्राकर निर्वाचन समिति, भारत चंद्राकर, राजश्री चंद्राकर, नरेंद्र चंद्राकर, पुष्पेंद्र चंद्राकर, आशीष चंद्राकर एवं अन्य उपस्थित थे।

### डॉ. आंबेडकर जयंती कल

**भिलाई।** डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर की 134 वीं जयंती समारोह में दि बुद्धिष्ट सोसाइटी ऑफ इंडिया बुद्ध विहार सेक्टर 6 भिलाई में 14 अप्रैल को मनाया जाएगा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि मुख्यमंत्री विष्णु देव साय, उप मुख्यमंत्री विजय शर्मा, उपमुख्यमंत्री अरुण साव की उपस्थिति में जयंती समारोह संपन्न होगा। बौद्ध समाज के लोगों से अपील की है कि बड़ी संख्या में उपस्थित होकर डॉक्टर बाबासाहेब अंबेडकर जयंती समारोह को सफल बनाने में सहयोग प्रदान करे। इस दौरान जीवनलाल सूर्यवंशी, सुधेश रामटेके, केके चौहान, उषा मेश्राम, सुजाता चौहान, लता मेश्राम, अरुण वैद्य, नलिनी चिचखेडे, शारदा मेश्राम आदि उपस्थित थे।

## निधन

### प्रतिक जैन



**भिलाई।** एमआईजी-10, पदमानाभपुर दुर्ग निवासी प्रतिक जैन उम्र 35 वर्ष का निधन 13 अप्रैल को हो गया है। उनकी अंतिम यात्रा आज निवास स्थान से हरनाबाँधा मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अनिल स्मिता जैन के पुत्र थे। वे अपने पीछे माही जैन पत्नी, पूर्वा-हर्षिल कॉंकरिया, दीपक जैन, प्रकाश जैन, अतुल जैन, रौनक जैन सहित भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

### तेजराम साहू



**भिलाई।** सनसिटी कालोनी उमरपोटी निवासी पूर्व बीएसपी कर्मी तेज राम साहू पिता स्व. विशेश्वर साहू का 13 अप्रैल को आकस्मिक निधन हो गया। उनका अंतिम संस्कार 14 अप्रेलकी दोपहर 12 बजे मुक्तिधाम रिसाली में किया जाएगा। वे भाजपा नेता पुरेन्द्र साहू , ओमप्रकाश साहू के पिता व जिला पंचायत सदस्य श्रद्धा साहू के ससुर थे।

### जगदेश्वरी अग्रवाल



**भिलाई।** केम्प-1 अंबेडकर नगर राम जानकी मंदिर के समीप रहने वाली जगदेश्वरी अग्रवाल का 12 अप्रैल को निधन हो गया। उनकी अंतिम यात्रा 14 अप्रैल को सुबह 10.30 बजे रामनगर मुक्ति धाम के लिये निकलेगी, जहां उनका अंतिम संस्कार किया जायेगा। वे अनिल, दिलीप, राकेश व सविता अग्रवाल की मां थीं।

### अनीता दीक्षित



**भिलाई ।** अनीता दीक्षित का निधन रविवार को हो गया। वे प्रवीण दीक्षित की पत्नी थीं। उनकी अंतिम यात्रा सोमवार को सुबह 9.30 बजे उनके निवास सेक्टर 4, सड़क 37, क्वार्टर 21- बी से निकलेगी रामनगर मुक्तिधाम के लिए निकलेगी। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए हैं।

## अंचल के विभिन्न जगहों पर विधि-विधान से की गई पूजा-अर्चना

# हनुमान जन्मोत्सव पर भक्तों ने लगाए बजरंगबली के जयकारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सेलूद

आदर्श हनुमान शिव समिति के तत्वावधान में चारबांधा दक्षिण मुखी हनुमान मदिर में पंडित होमनदास वैष्णव द्वारा विधि-विधान के साथ हनुमान जन्मोत्सव के उपलक्ष में पूजा अर्चना किया गया। पूजा-अर्चना के बाद सांई धुमाल ग्रुप के द्वारा गांव में भव्य शोभायात्रा निकाला गया। शोभायात्रा की शुरुआत बाजार चौक, पटेल चौक, गांधी चौक, आजाद चौक मजार चौक, सुभाष चौक, शीतला मंदिर में शोभायात्रा का समापन हुआ। इस शोभायात्रा में ग्राम के बच्चे महिलाएं सभी ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया और नाचते गाते उत्सव का जश्न मनाया । आदर्श क्लब द्वारा गांव में महाभोग का वितरण भी किया गया। गाँव के ही बजरंग चौक सेलुद में हनुमान जन्मोत्सव मनाया गया और मंदिर में पूजा-अर्चना के बाद भोजन भंडारे का आयोजन किया गया जिसमें गांव के सभी ग्रामवासी शामिल हुए। इसी प्रकार आयोजन सुभाष चौक में हनुमान जन्मोत्सव का आयोजन किया गया। वहीं रात में नाच का कार्यक्रम आयोजित किया गया। पूरे गाँव में हनुमान जन्मोत्सव पर जश्न का माहौल रहा। इस अवसर पर सरपंच खिलेश बबलू मारकंडे, उप सरपंच राकेश साहू, पूर्व जिला पंचायत सदस्य जयश्री वर्मा, त्रिभुवन यादव, धनंजय साहू, तारेन्द्र बंछोर, मनोज देवांगन, राज बंछोर, रवि पटेल, बलराम वर्मा, रवि बघेल, तामसेन साहू, श्रीधर साहू, कीर्तन देवांगन, झम्मन यदु, शुभम साहू, रूपराम साहू, पंडित होमनदास वैष्णव, ऋषभ साहू, यीशु साहू, महेंद्र साहू, विजय साहू, चेतन साहू सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी उपस्थित थे।

**सेलूद में हनुमान जन्मोत्सव पर बाजे-गाजे के साथ निकली शोभायात्रा**





### थाना अंडा परिसर में हनुमान जयंती

**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के थाना अंडा सहित ग्रामीण अंचल में हनुमान जयंती धूमधाम से मनाई गई। अंडा क्षेत्र के अंतर्गत चिंगरी, अछोटी,भरदा, कुथरेल, कोनारी, चंदखुरी, कोलिहापुरी, पिसेगांव, भानपुरी, जंजगिरी, विनायकपुर, आमटी, मासाभाट, आलबरस, निकुम, खाड़ा, रूदा, भोथली, तिरगा, झोला, अंजोरा, खपरी, सिलोदा, रसमड़ा, बोरई, गनियारी सहित अनेक गांवों में हनुमान जयंती को धूमधाम से मनाई गई। इस अवसर पर हनुमान मंदिरों में विधिवत पूजा-अर्चना की गई। वहीं कई मंदिरों में भजन कीर्तन भी किया गया। इस दिन विधि विधान के साथ अंजनी पुत्र हनुमानजी की पूजा-अर्चना करने से शुभ फलों की प्राप्ति होती है। हनुमानजी इकलौते ऐसे देवता हैं, जो आज भी पृथ्वी पर वास करते हैं और अपने भक्तों की रक्षा करते हैं। इस अवसर पर पुजारी महेंद्र पाण्डेय, एएसआई तुलसी राम साहू, आरक्षक कौशलेंद्र बघेल, तेजेश्वर साहू, उत्तम वर्मा, अजय चन्द्राकर, महिला आरक्षक जस्मिका कुम्हारे, डॉ. एनसाहू, गोलू चन्द्राकर, बलराम साहू, बिरेंद्र साहू सहित थाना स्टाफ व ग्रामीण जन उपस्थित थे। इसी के साथ ही गायत्री सीमेंट पोल संचालक मनसुख टांक, जितेश टांक के यहां भी बड़े ही धूमधाम से हनुमान जयंती मनाई गई।



### चीचा में हनुमान जन्मोत्सव मनाया



**अंडा।** भगवान हनुमान जन्मोत्सव ग्राम वृंदावन चीचा में धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर भजन संध्या एवं विशाल भंडारा का आयोजन किया गया । इस अवसर सामूहिक सुंदरकांड पाठ किया गया जिससे गांव का वातावरण पूरा भक्तिमय रहा। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष चेमन देशमुख, पूर्व विधायक गुण्डरदेही वीरेन्द्र साहू, जिला पंचायत अध्यक्ष तारणि पुष्पेन्द्र चंद्राकर, जिला उपाध्यक्ष भाजपा बालोद नरेश यद्, जनपद पंचायत गुण्डरदेही अध्यक्ष पुरुषोत्तम चंद्राकर विशेष रूप से उपस्थित थे। कार्यक्रम का आयोजन कमलेश्वर साहू समाजिक कार्यकर्ता, संयोजक - मुकेश विश्वकर्मा, नारायण साहू, देवेन्द्र साहू, हुकुम साहू, किशोर गौतम, खेमराज सिन्हा, रामेश्वर साहू, मोहन साहू, उमेश कुमार सिन्हा, दिकेंद्र साहू, तरकेश साहू, पलहन साहू, संतोष कुमार साहू, खिलावन सिन्हा, अजय चतुर्वेदी, ललित चतुर्वेदी, हेमंत साहू, गिरधारी निर्मलकर, राहुल सिन्हा, पोशु साहू, हीरेंद्र साहू, गजेन्द्र नानक, अजय सिन्हा, मनोज सिन्हा, किशन साहू, योगेश्वर साहू, मलेश्वर सिन्हा, रामकुमार साहू आदि उपस्थित थे।

## बारह ज्योतिर्लिंग की कथा व महिमा सुनकर भावविभोर हुए श्रध्दालु



**निकुम।** ग्राम मासाभाट में चल रहे शिव पुराण कथा के अंतिम दिन में कथावाचक आचार्य बालव्यास मुरलीधर उपााध्याय ने बारह ज्योतिर्लिंग की महिमा कथा दर्शन की महत्ता बताई। पुराणों में कहा कि इन ज्योतिर्लिंग पर स्वयं महादेव प्रकट हुए, जिसके कारण युगों से पूजनीय है। सोमनाथ, नागेश्वर, रामेश्वरम, भीमा शंकर, घृणेश्वर, केदारनाथ, मल्किाअर्जुन, महाकाल, विश्वेशर, त्रयैमबेश्वर बारह ज्योतिर्लिंग है। चार वेद, चारधाम, 18 पुराण सहित कई शास्त्र है, भगवान साक्षात विराजित है, फिर भी कई मनुष्य यत्र तत्र बहकावे में आकर अपना धर्म परिवर्तन कर झुठे सुख शांतिं के लिए भटक रहा है, समय रहते माया की निंद्रा से जागो, इन स्थानों पर पूरे परिवार सहित जाकर दर्शन करो आत्ममंथन करे तो आपके हृद्य में विराजित परमपिता परमात्मा को पहचानो ,आपके किंचित मात्र पुकार से प्रभु स्वंय आकर रक्षा करेगें, द्रौपती की लज्जा राखी, गजेन्द को मगरमच्छ से बचाया, अहिल्या को तारा , शबरी के झुठे बेर खाये , दरिद्रदीनहीन सुदामा को प्रभु ने श्रीदामा बना दिया। प्रभु कई रुपो में आते है, जब जीव में शिव है। वहीं पार्थिव शिवलिंग की रुद्राभिषेक कर सभी ने मिलकर पुर्णाहुति किया। वहीं घर घर संध्या को शिवपुराण की आरती उतारी गई, गांव में सुख समुध्दि की कामना की गई भोजनभंडारा किया गया। इस आयोजन में परीक्षित स्वरुप कल्याण साहू चन्दा बाई नम्मू रुपा साहू , बिरेन्द्र साहू, अहिल्या साहू ,लोकेश्वर साहू , थानेश्वरी साहू सहित बड़ी संख्या में कथा श्रवण कर रहे है।

## आंगनबाड़ी केंद्रों में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई व अन्नप्रासन कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| अंडा

- बच्चों की पोषण संबंधी जानकारी दी गई



महिला एवं बाल विकास विभाग के तत्वावधान में राष्ट्रीय पोषण माह के अंतर्गत आयोजित पोषण पखवाड़ा के तहत जिले के आंगनबाड़ी केन्द्रों पर विशेष कार्यक्रम आयोजित किए गए। इसी क्रम में ग्राम अंडा केंद्र क्रमांक 03 और ग्राम जंजगिरी के सभी आंगनवाड़ी केंद्रों में गर्भवती महिलाओं की गोद भराई और छोटे बच्चों का अन्नप्राशन संस्कार संपन्न हुआ।

कार्यक्रम का उद्देश्य गर्भवती महिलाओं और बच्चों के पोषण स्तर में सुधार लाना तथा समुदाय को पोषण के प्रति जागरूक करना रहा। इस अवसर पर चार माह से सात माह की गर्भवती महिलाओं की गोद भराई की रस्म अदा की गई। यह परंपरा केवल सांस्कृतिक महत्व तक सीमित नहीं रही, बल्कि इसके माध्यम से गर्भवती महिलाओं को संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और प्रसवपूर्व देखभाल के महत्व की जानकारी दी गई।

वहीं, छह माह की आयु पूर्ण कर चुके बच्चों का खीर से अन्नप्राशन संस्कार कराया गया। कार्यक्रम में मौजूद माताओं को बताया गया कि छह माह तक बच्चों को केवल स्तनपान कराना चाहिए और उसके बाद धीरे-धीरे ऊपरी आहार शुरू करना चाहिए। उन्हें ऊपरी आहार के पोषणीय महत्व, सुरक्षित भोजन बनाने के तरीके और बच्चों की पोषण संबंधी आवश्यकताओं के बारे में भी जानकारी दी गई।

कार्यक्रम के दौरान उपस्थित सेक्टर सुपरवाइजर रेखा लोनारे ने महिलाओं को जीवन के पहले एक हजार दिनों के महत्व पर विशेष रूप से जागरूक किया। उन्होंने बताया कि यह समय शिशु के सम्पूर्ण विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होता है। इस दौरान सही पोषण और देखभाल से बच्चों को कुपोषण से बचाया जा सकता है।

आँगनवाड़ी कार्यकर्ता दीपिका चौहान, उषा साहू, गिरिजा जोशी, त्रिवेणी चंद्रवंशी, मिनाक्षी सिन्हा, पिंकू चौहान, ज्योति यादव मनीषा सेन, ग्राम जंजगिरी से आंगनवाड़ी कार्यकर्ता ढालेशवारी देशमुख, युगेश्वरी साहू, जानकी हिरवानी, वंदना, सरिता, हेमलता, ग्रामीण जन लुमेश्वरी साहू, नमेश्वरी, उर्वशी, मानसी, दीपिका, टीकेशवरी, मोना, हेमा आदि उपस्थित थे।

**बिजनेस साइट**

## ओम ज्वेलर्स को ग्राहकों का मिल रहा बेहतर प्रतिसाद




**भिलाई।** शहर के हृदय स्थल इंदिरा मार्केट प्रिया श्रृंगार सदन के सामने शॉप नंबर 64बी में स्थित ओम ज्वेलर्स दुर्ग अपने ग्राहकों के हितों के लिए हमेशा प्रतिबद्ध है। जहां आपको मिलता है भारत सरकार द्वारा huid पास टोटल हॉलमार्क के गहनों का विशाल रेंज उपलब्ध है। जिसमें नये व पुराने ग्राहकों को 100 प्रतिशत संतुष्टी निश्चित होकर गहने खरीद सकते हैं। साथ ही गहनों मे टूट फुट की 2 साल की रिपेरिंग फ्री की सुविधा उपलब्ध है। मनपसंद कलात्मक ज़ेवर, ग्राहकों के रुपयों के अनुरूप कम कीमत से ज्यादा क़ीमत पर एक से एक नई नई डिजाइन उपलब्ध रहता है, दिवाली व शादी विवाह के सीजन को देखते हुए लाइट वेट से अधिकतम वेट की ज्वेलरी में सोने के नेकलेस, झुमका, बाली, एरिंग टॉप्स, रानी हार, चोकर.चांदी में पायल कमरबंद, बाजूबंद बिछिया, ऑल सोने चांदी की एक से बढ़कर एक वैरायटियों का नई-नई डिजाइन का विशाल रेंज उपलब्ध है। वहीं दूल्हे दुल्हन के लिए खास टूर बैग, इम्पोर्टेन्ट वॉच, जितना सोना उतना चांदी फ्री ग्राहकों की तत्काल गिफ्ट दिया जाता है। क़ीमत भी सबसे कम चीप दर पर गहने प्रदान किया जा रहा है और भी विशेषताएं प्रदान की जाती है। जैसे अपने पुराने सोने को नये जैसे बनाए वो भी बिना नुकसान के बिना वजन कम हुए तत्काल, पुराने सोने चांदी की 100 प्रतिशत मूल्यों के साथ वापसी, पुराने सोने-चांदी का तत्काल रिपेरिंग, मंगलसूत्र गुथायी 0 चार्जेबल पर, किसी भी गोल्ड के गहने पर 100 प्रतिशत वापसी, हमारी संस्थान में किसी भी प्रकार के गहने, जेवरों का पेमेंट घर से करने की सुविधा उपलब्ध, सभी प्रकार की चेक स्वीकार किए जाते हैं, आल एटीएम, डेबिट, क्रेडिट कार्ड स्वीकार किये जाते हैं, भारत सरकार द्वारा प्रमाणित 916.(22c )833(20c)750(18c )टोटल हॉलमार्क की गहने की भरपूर रेंज उपलब्ध, हर दस हजार की खरीदी पर चांदी की मूर्ति फ्री, हमारी संस्थान ग्राहकों को अच्छी क्वालिटी व गुणवत्ता की सुविधा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध है।

### भाजपा उतई मंडल ने मनाया स्वच्छता पखवाड़ा

**उतई।** भाजपा के स्थापना दिवस पखवाड़ा अंतर्गत रविवार को भाजपा उतई मंडल ने समुदायिक स्वास्थ्य केंद्र उतई एवं मिनिमता चौक में स्वच्छता अभियान चलाया। इस अवसर पर मिनीमता चौक पर मिनीमाता की मूर्ति में स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। कार्यकर्ताओं ने अस्पताल परिसर व आसपास के क्षेत्र में श्रमदान कर स्वछता का संदेश दिया। इस अवसर पर उतई नगर पंचायत अध्यक्ष सरस्वती साहू, उतई नगर पंचायत उपाध्यक्ष शिवनारायण देशमुख, मंडल अध्यक्ष शीतला ठाकुर, महामंत्री सोनू राजपूत, प्रवीण कुमार यद्, घनश्याम चंद्राकर, हरीश यादव, सरपंच करण सेन, बृजमोहन साहू, उमेश बंजारे, विमला कामडे, सनवी यादव, अजय कुमार जोशी, भीषम देवांगन, शिव ठाकुर, खुबी राम, चेतन साहू, देवेन्द्र भारती, फलेद्र राजपूत आदि उपस्थित थे।

## अंचल की खबरें

### तिरगा में मनाया सुशासन तिहार, दिखा उत्साह



**अंडा।** छत्तीसगढ़ शासन द्वारा आयोजित सुशासन तिहार 2025 को लेकर ग्राम पंचायत तिरगा में भारी उत्साह देखने को मिला। लोग बढ़ चढ़कर ग्राम पंचायत में आवेदन फॉर्म जमा कर रहे हैं। जिसमें मुख्य रूप से आवास योजना, शौचालय निर्माण, महतारी वंदन योजना, दीनदयाल उपाध्याय भूमिहीन कृषि मजदूर वित्तीय सहायता योजना, उज्जवला योजना, नया राशन कार्ड बनाने, पेंशन योजना ला लाभ लेने, ज्यादा आवेदन प्राप्त हुआ है। दुर्ग ग्रामीण क्षेत्र में बेरोजगार की स्थिति ज्यादा दिखाई दे रही है इसलिए मुख्यमंत्री से मनरेगा के रोजगार प्रदान करने आवेदन प्राप्त हो रहे हैं। अब देखना यह होगा कि शासन-प्रशासन जनता की मांग का निराकरण कितने दिनों के भीतर होता है। आवेदन जांच की स्थिति पर साफ हो जाएगा मुख्य रूप से समस्या यह भी है कि ग्राम पंचायत सचिव के हड़ताल में चले जाने से रोजगार सहायक व ग्राम पंचायत आपरेटर, सफाईकर्मी द्वारा कार्य का संचालन हो रहा है। ग्राम पंचायत में अभी तक कुल 264 आवेदन प्राप्त हो चुका है। इस अवसर पर सरपंच घसियाराम देशमुख, टिकेश्वर दिल्लीवार विधायक प्रतिनिधि, सुखित ढीमर उपसरपंच, तेजेश्वरी देशमुख रोजगार सहायक, राकेश बेलचन्दन, घनश्याम देशमुख च्वाइस सेंटर संचालक, लक्ष्मण यादव, तेजराम यादव पंच, चंदू लाल यादव पंच, जमुना निषाद, कविता ऋषि, समूह सखी ललिता देशमुख, रेणु देशमुख, शकुंतला देशमुख, सेतलाल का विशेष सहयोग रहा। सरपंच घसिया राम देशमुख का कहना है कि छत्तीसगढ़ शासन द्वारा संचालित सुशासन तिहार जनता की समस्या का समाधान करने के लिए सराहनीय पहल है। चार दिवसीय प्रदेश व्यापी कार्यक्रम त्योहार से कम नहीं है। समाज सेवी जितेन्द्र देशमुख ने पत्र के माध्यम से मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का आभार प्रगट करते हुए सुशासन तिहार प्रतिवर्ष जारी रखने की अपील की है।

### पोषण पखवाड़ा में कुपोषित बच्चों के घर दी भेंट



**अंडा।** दुर्ग ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र के ग्राम अछोटी में पोषण पखवाड़ा के तहत आगनबाड़ी में कार्यकर्ताओं दिनेश्वरी दिल्लीवार द्वारा गर्भवती महिला के घर गृह भेंट के दौरान 1000 दिवस गर्भावस्था के 9 माह तक बच्चे के जन्म तक 2 साल तक खान-पान में विशेष ध्यान देने की सलाह दी जिससे महिला एनीमिक नहीं होगी मीठा पत्ती, मुंग व चना की रोज अंकुरित अनाज रोज खाने की सलाह दी। अछोटी क्रमांक 1 की कार्यकर्ता आशालता दिल्लीवार ने धात्री महिला के 5 माह के बच्चा को ऊपरी आहार के बारे में जानकारी दी रेडी टू ईट 1 पैकेट 6 हिस्सा में बांटकर खिलाने की सलाह दी । पोषण पखवाड़ा में कुपोषित बच्चा के घर गृह भेंट किया जिसमें माता दुर्गेश बच्चा डोविड बाल संदर्भ से प्राप्त दवाई को नियमित खिलाने, रेडी टू ईट की व्यंजन बनाने की जानकारी आंगनबाड़ी कार्यकर्ता माया रामटेके द्वारा दी गयी। आंगनबाड़ी कार्यकर्ता दिनेशवरी दिल्ली वार, आशालता, माया रामटेके गर्भवती महिला कामिनी यादव, कृष्णा यादव, समारिन यादव, लीला यादव उपस्थित थे।

## प्राइवेट स्कूलों पर शिकंजा जारी होगा हेल्पलाइन नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| राजनांदगांव

पालकों की शिकायत के बाद पिछले सोमवार को जिला प्रशासन ने सभी निजी स्कूलों की एक बैठक ली थी। इस बैठक में चार एजेंडे को लेकर चर्चा के बाद दिशा-निर्देश जारी किए गए थे। जिसमें साफ तौर पर कहा गया था कि माशिमं से मान्यता प्राप्त स्कूलों में किसी भी प्रकार से सीबीएसई पैटर्न का उपयोग नहीं किया जा सकेगा। इन स्कूलों में अनिवार्य रूप से एससीईआरटी किताबों से ही पढ़ाई कराई जानी है। इस निर्देश के बाद भी निजी स्कूल संचालक अपनी मनमानी बंद करने को तैयार नहीं है।

आलम यह है कि जिला प्रशासन को आंख दिखाते हुए इन स्कूलों ने सीजी बोर्ड की मान्यता होने के बाद भी पालकों से सीबीएसई की किताबें खरीदी करवा ली है। इतना ही नहीं किताबें भी निजी पब्लिकेशन की खरीदवाई गई है। जबकि डीईओ ने साफ कहा था कि निर्देश जारी किए जाने के बाद भी यदि शिकायत प्राप्त हुई तो सख्त एक्शन लिया जाएगा। हालांकि स्कूलों ने कार्रवाई से बचने की कवायद भी शुरू कर दी है। निजी स्कूल संचालक जिला शिक्षा विभाग पर दबाव डलवाने के लिए भी नेताओं का सहारा ले रहे हैं।

### मंगलवार से शुरू होगी सुविधा

डीईओ पीएस बघेल ने बताया कि पालकों को हेल्प लाइन नंबर की सुविधा भी जल्द ही दी जाएगी। आगामी मंगलवार से इसे सुचारू रूप से शुरू करने की तैयारी की जा रही है। पालक इसमें अपनी शिकायत दर्ज करवा सकेंगे। इन शिकायतों के आधार पर ही निजी स्कूलों के खिलाफ एक्शन लिया जाएगा। उन्होंने बताया कि शिकायतकर्ता की पूरी जानकारी गोपनीय रखी जाएगी।

HEALTH TOWN

K'sagar's श्री श्रेयन आयुर्वेद
Panchkarma & Wellness Centre
(संतुलन से भरा आयुर्वेद, स्वस्थ्य जीवन का राज)
वैद्य-डॉ.पल्लवी क्षीरसागर
MD आयुर्वेद (पुणे)
Timing- (11-8) by Appointment
Mob.: 9111922122, 9111912122,0771-3558564
पता :- B-22 जगन्नाथ मंदिर के पीछे, गायत्री नगर, रायपुर (छ.ग.)
उपलब्ध पंचकर्म
• बस्ति
• उत्तर बस्ति
• जानु बस्ति
इत्यादि।

अहलूवालिया हॉस्पिटल
नेमीचंद गली, रामसागर पारा, प्रभाट टॉकीज के पास, स्टेशन रोड रायपुर
0771-4050006, 81031 28515
डॉ. एस.के. अहलूवालिया M.B.B.S., DLO
डॉ. गौरव अहलूवालिया M.B.B.S., D.N.B.-ENT, M.N.A.M.S.
नाक,कान, गला विभाग
• सिर, मुख एवं गले का कैन्सर।
• ऑपरेशन द्वारा ईलाज
• नाक की प्लास्टिक सर्जरी
चक्कर की जाँच
एलर्जी
Dental & Consmetic Treatments
• टेढ़े मेढ़े दांतो को सीधा करना
• दांतो की नसों का इलाज
• दांतों की सफाई व चमकाना
• दंत प्रत्यारोपण
• मुंह के कम खुलने का इलाज
(Hearing Aids) सुनाई मशीन

विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

# बीएसपी अग्निशमन विभागः जीवन रक्षा में समर्पित अदृश्य प्रहरी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

आज जब भिलाई इस्पात संयंत्र की निरंतर उन्नति के साथ समूचा भिलाई अंचल भी आधुनिकता और शहरीकरण की ऊँचाइयों को छू रहा है, तब संयंत्र के अग्निशमन विभाग का कार्य पहले से कहीं अधिक चुनौतीपूर्ण और आवश्यक हो गया है। पिछले पचास साल से दमकल विभाग इस चुनौती को बखूबी पूर्ण कर रहा है।

उल्लेखनीय है कि फायर फाइटर्स का कार्य केवल आग बुझाने तक सीमित नहीं है। वे भूकंप, बाढ़, गैस रिसाव और अन्य प्राकृतिक एवं मानवजनित आपदाओं में भी राहत कार्यों में सबसे आगे रहते हैं। उन्हें अत्यधिक गर्मी, जहरीली गैसें, संकरी गलियाँ, ऊँची इमारतें और धुएँ से भरे बंद स्थानों में काम करना पड़ता है, वो भी तब जब उनका अपना जीवन संकट में होता है। यह कार्य शारीरिक ही नहीं, मानसिक धैर्य और स्थिरता की भी पराकाष्ठा माँगता है। आज तकनीक ने अग्निशमन विभाग को नई शक्ति दी है। ड्रोन से आग की स्थिति का विश्लेषण, रोबोटिक फायर फाइटर्स का उपयोग, स्मार्ट हेलमेट्स और थर्मल इमेजिंग कैमरा जैसे उपकरण न केवल बचाव कार्य की गति बढ़ाते हैं, बल्कि जवानों की सुरक्षा भी सुनिश्चित करते हैं। विशेष रूप से, बंद स्थानों में ब्रीथिंग एपरेटस (बीए सेट) एक वरदान सिद्ध हुआ है, जो विषैली गैसों के बीच भी शुद्ध ऑक्सीजन की आपूर्ति कर फायर फाइटर्स को कार्य जारी रखने में सक्षम बनाता है।

## आज अग्निशमन दिवस पर विशेषः दमकल बेड़े का होगा साहसिक प्रदर्शन

### सीढ़ीदार वाहन ऊंची बिल्डिंगों में सहायक

होटलों और ऊँची इमारतों में आग लगने की घटनाएँ तकनीकी रूप से अत्यंत जटिल और खतरनाक होती हैं। संकरी सीढ़ियाँ, ऊँचाई तक पहुँच की कठिनाई, दम घुटाने वाला धुआँ और राहत सामग्री पहुँचाने की जटिलता, इन सबके बीच, बीएसपी अग्निशमन विभाग के साहसी जवान विशेष रणनीतियाँ अपनाते हैं। ऐसे में उनके हाई-प्रेशर पंप्स, एयर लिफ्ट तकनीक और ऊपरी मंजिलों तक पहुँच के लिए विशेष सीढ़ीदार वाहन इस चुनौती को पार करने में सहायक हैं।



### अत्याधुनिक उपकरणों से लैस हैं दस्ता

बीएसपी के अग्निशमन विभाग के फायर फाइटरों को आग बुझाने की तकनीकों, प्राथमिक चिकित्सा, उपकरण संचालन और मानसिक रूप से स्थिर रहने का गहन प्रशिक्षण दिया जाता है। नियमित रिफ्रेशर कोर्स के माध्यम से उन्हें नवीनतम तकनीकी जानकारी और आपात स्थितियों में व्यवहार कौशल का अभ्यास कराया जाता है। बीए सेट का प्रयोग, ऊँची इमारतों में बचाव, और विषम परिस्थियों में टीम समन्वय, सब कुछ प्रशिक्षण का हिस्सा है।व्यावसायिक इमारतों, अस्पतालों, फैक्ट्रियों आदि की अग्नि सुरक्षा प्रणाली का नियमित निरीक्षण, फायर अलार्म, एक्सटिंग्विशर, हाइड्रेंट्स, और निकासी मार्ग की स्थिति की जाँच करना इसके प्रमुख आयाम हैं।

## खबर संक्षेप

### पावर हाउस चौक पर वाटर एटीएम बिगड़ा

**भिलाई।** पावरहाउस ओवरब्रिज चौक के लगा वाटर एटीएम खराब होने से राहगीरों को पेयजल के लिए परेशान होना पड़ रहा है। इस मामले में नगर निगम भिलाई निष्क्रिय बना हुआ है। मार्केट के व्यवसायियों ने बताया कि निगम के लोगों से कई बार मांग के बाद भी वाटर एटीएम को ठीक नहीं किया गया है। एटीएम पिछले दो साल से कबाड़ हो रहा है। गर्मी बढ़ने के साथ ही यहां से गुजरने वाले राहगीर, मार्केट और स्टेशन के लोग पीने के पानी के लिए भटकते रहते हैं। लोग पानी की बोतल और पाउच खरीदकर प्यास बुझाते हैं। नगर निगम द्वारा जल्द एटीएम को सुधारा जाए, ताकि भीषण गर्मी में लोगों को राहत मिल सके।

### सेक्टर 8 में मेनहोल में कवर नहीं

**भिलाई ।** सेक्टर 8 मार्केट के निकट सीवरेज के दो मेनहोल खुले होने से कचरा भरने से जा हो रहा है। आने जाने वालों के गिरने का अंदेशा भी बना हुआ है। पेड़ और झाड़ियों के पत्ते आदि कचरे के गिरने से गटर में कचरा भर रहा है। रहवासियों ने बताया कि मेन होल में कवर नहीं होने से क्वार्टरों में जाम की समस्या पैदा होते रहती है। गटर भर जाने से गंदगी और दुर्गंध की समस्या भी बढ़ जाती है। वर्षो से क्वार्टरों के पीछे की सफाई भी नही हुई है। बीएसपी द्वारा मेनहोल कवर लगाने के साथ सफाई जल्द की जाए।

### धनोरा बाबा दरबार में जयकारे के साथ निकाली गई शोभायात्रा



**अंडा।** बाबा दरबार पावन धाम धनोरा दुर्ग में हनुमान प्रकटोत्सव के पावन पर्व पर जय हो बजरंग बली नारे के साथ निकाला गया। भव्य शोभायात्रा झांकी पहले बाबा दरबार में लक्ष्मण बाबा के द्वारा हनुमान की पूजा पाठ किया गया। वहीं शोभायात्रा प्रारंभ किया गया जो बजरंग पारा से बजार चौक मेनगली शीतला पारा, कर्मा चौक, बमलई पारा, गोल्डन चौक होते महावीर उद्यान पहुंचे। जगह जगह हनुमान की भक्तों के द्वारा पुजा अर्चना किया गया। बाजे गाजे के साथ शोभायात्रा शुरू किया गया जिसमें महिलाए एवं बच्चे नाचते जयकारे लगाते हुए साथ साथ चलते रहे। वहीं प्रसाद खिचड़ी, हलुआ वितरण किया गया जिसमें रोड चलते हजारों भक्तों ने प्रसाद ग्रहण किया रात्रि 10 बजे से भक्तों के मनोरंजन के लिए छतिसगढ़ी सांस्कृतिक कार्यक्रम राग अनुराग हेमलाल कौशल की प्रस्तुति की गई जिसमें नवीन देशमुख हास्य कलाकार एवं हेमलाल कौशल द्वारा दर्शक दिरघा को हंसा कर लोट पोट कर दिया कार्यक्रम शुरू होने के पहले मंच पर आए अतिथियों का दरबार के प्रशस्ति पत्र एवं श्री फल के द्वारा सम्मानित किया गया। कामेश्वर साहू, राजेश चन्द्राकार, हेमलाल कौशल, नवीन देशमुख, वासुदेव स्रे पूर्व उपसरपंच आदि अतिथियों का स्वागत किया गया। इस कार्यक्रम में लक्ष्मण बाबा, विनोद कुमार, राजू यादव, मनसुखा साहू, गुलाब साहू, मुनना गंधर्व, जीवराखन , बाबु लाल साहू, योगेश साहू, मनोज पटेल, रोमनाथ साहू, बबलू गज्जू रायपुरीहा आदि मौजूद थे।

## धूल, धुएं और केमिकल का दंश झेल रहा औद्योगिक क्षेत्र भिलाई

# बदहाली के दौर से गुजर रहे सहायक और छोटे उद्योग, कई बंद होने की कगार पर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

छत्तीसगढ़ के सबसे बड़े और पुराने औद्योगिक क्षेत्र भिलाई को उपेक्षा का दंश झेलना पड़ रहा है। कई सहायक और छोटे उद्योग बदहाली के दौर से गुजर रहे हैं। इस मामले में जिम्मेदार एजेंसियां उदासीन बनी हुई हैं। छत्तीसगढ़ प्रदेश गठन के बाद इसे पीथमपुरा औद्योगिक क्षेत्र की तरह विकसित किए जाने की घोषणा बीस साल बाद भी हवाहवाई है।

भिलाई इस्पात संयंत्र की स्थापना के साथ ही पचास साल पूर्व यहां औद्योगिक क्षेत्र विकसित हुआ था। यहां करीबन तीन सौ बड़े, छोटे,मध्यम और सहायक उद्योग स्थित हैं। अधिकतर उद्योगों पर बीएसपी, उद्योग विभाग और राज्य सरकार की अनदेखी की मार पड़ रही है। सबसे खस्ता हालत लघु,मध्यम और सहायक उद्योगों की है। यह उद्योग बीएसपी के आर्डर ( इंक्वायरी ) पर निर्भर हैं। लेकिन अधिकतर उद्योग आर्डर की समस्या से जूझ रहे हैं। बीएसपी से पर्याप्त कलपुर्जे, पार्ट्स आदि मैन्यूफैक्चरिंग के लिए आर्डर नहीं मिलने से बदहाल हैं। इसके चलते कुछ उद्योग बंद हो चुके हैं और कई बंद होने की कगार पर हैं। उद्यमियों के मुताबिक पिछले कुछ साल से बीएसपी में बाहर की बड़ी कंपनियों का वर्चस्व है। करीबन साठ फीसदी आर्डर बाहर की कंपनियां उड़ा ले जाती हैं। आर्डर पालिसी भी पेंचीदा होने से यहां उद्यमियों को परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। पहले तो बीएसपी से आर्डर के लिए जटिय प्रक्रिया से गुजरना पड़ता है। फिर पेमेंट और क्वालिटी जांच में लंबा समय लगता है।

### बीएसपी से नहीं मिल रहा पर्याप्त आर्डर



### धूल, धुएं और केमिकल का गुबार

पिछले पचास साल के दौरान कई सरकारें आईं और चली गईं। सभी ने औद्योगिक क्षेत्र की तस्वीर और तकदीर बदलने का आश्वासन दिया। बड़े जन प्रतिनिधियों ने इसे पीथमपुरा बनाने के सपने भी दिखाए। पंद्रह साल पूर्व मुख्य सड़कों के कांक्रीटीकरण और स्ट्रीट लाइटों को छोड़कर कुछ खास नहीं हुआ। एसीसी चौक सड़क और बीईसी जाने वाली आदि सड़कें भी उखड़ने लगीं। पूरा औद्योगिक क्षेत्र धूल, धुएं और गंदगी के गुबार से सराबोर है। भैंस खटाल और उद्योगों से निकली केमिकल की गंदगी से पेयजल स्रोत प्रदूषित हो रहे हैं। इसका खामियाजा मजदूरों के साथ छावनी, हथखोज आदि श्रमिक बस्तियों के लोग भुगत रहे हैं। लेकिन निगम सहित जिम्मेदार विभाग उदासीन बने हुए हैं।

### नहीं मिल रही रियायत

औद्योगिक क्षेत्र के उद्यमियों पर सरकार की बेख्याली भारी पड़ रही है। टैक्स, बैंकों से लोन, बिजली और पानी की दरों में रियायत वर्षों बाद भी एक सपना बनकर रह गया है। राज्य सरकार द्वारा घोषित सिंगल विंडो प्रणाली कागजी साबित हो रही है। उद्यमियों को हर काम के लिए अलग अलग विभागों के महीनों चक्कर लगाना पड़ रहा है। कई उद्योग कर्ज में डूब चुके हैं, ब्याज और टैक्स अधिक होने से उद्योग चलाना मुश्किल हो रहा है। उद्यमियों के मुताबिक टैक्स और आर्डर में राहत नहीं मिलने से उद्योग चलाना अब एक आफत साबित हो रहा है। प्रदेश के विकास में महती योगदान देने वाले औद्योगिक क्षेत्र के अब पूरी तरह कायाकल्प की जरुरत है।

## हाउस लीज संघर्ष समिति लायसेंसी आवास के लिए संघर्ष जारी रखेगी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

हाउस लीज संयुक्त संघर्ष समिति की बैठक सेक्टर 2 में संपन्न हुई । बैठक में लायसेंस आवास के लिए संघर्ष जारी रखने और सोमवार को अंबेडकर जयंती मनाने तथा 1 मई को श्रमिक दिवस मनाने का निर्णय लिया गया। साथ ही बीएसपी प्रबंधन के 9 अप्रेल को जारी आवासीय सर्कुलर की निंदा की गई। कर्मियों के लिए एकमात्र एक सेक्टर रुआबांधा के 45 मकानों और अधिकारियों के लिए सी टाइप के 45 आवासों को चिन्हिंत किए जाने को हजारों पूर्व व वर्तमान कार्मिकों के हितों पर कुठाराघात बताया गया। समिति की विज्ञप्ति में बताया गया कि बैठक में सदस्य सेक्टर नौ निवासी अनिता सूद ने जानकारी दी कि वे चंडीगढ़ अस्पताल में आपरेशन के लिए भर्ती हैं, इस दौरान बीएसपी के एंफोर्समेंट दस्ते ने उनके आवास का ताला तोड़कर सामान जब्त कर लिया। जबकि मैंने प्रबंधन के अधिकारियों को वापस आने पर जो भी कार्यवाही होगी स्वीकार कर लूंगी संबंधी वाट्सएप मैसेज किया था। बैठक में इस बेदखली कार्रवाई की निंदा की गई।

## अग्नि शमन दिवस व आंबेडकर जयंती आज

**भिलाई।** भिलाई इस्पात संयंत्र द्वारा सोमवार को अग्निशमन वीरों को श्रद्धांजलि देने राष्ट्रीय अग्निशमन सेवा दिवस और संविधान निर्माता बाबा साहब डां. अंबेडकर जंयती कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। आंबेडकर जंयती कार्यक्रम महात्मा गांधी कला मंदिर और अग्निमशमन सेवा दिवस कार्यक्रम फायर ब्रिगेट आफिस परिसर में आयोजित है। मुख्य अतिथि बीएसपी के डायरेक्टर इंचार्ज अनिर्बान दासगुप्ता होंगे। इस अवसर पर वे दमकल जवानों को समर्पण से कार्य करने की शपथ दिलाएंगे और परेड की सलामी लेंगे। अग्निशमन वाहनों द्वारा अग्नि शमन का प्रदर्शन भी किया जाएगा।

## बाइक रैली में गूंजे जय भीम के नारे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ राजनांदगांव

भारत रत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव अंबेडकर की 134वीं जयंती से पूर्व शहर में आज बौद्ध अनुयायियों द्वारा मोटर साइकिल रैली का आयोजन किया गया। 14 अप्रैल को डॉ. बाबा साहेब अंबेडकर का जन्मदिन बौद्ध समाज के लोगों द्वारा काफी हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा। वहीं अंबेडकर जयंती से एक दिन पूर्व शहर में मोटर साइकिल रैली निकाली गई। इस रैली में सैकड़ों की संख्या में समाज के लोग शामिल हुए।

अंबेडकर जयंती के उपलक्ष्य में निकली मोटर साइकिल रैली शहर के अंबेडकर चौक से बजरंगपुर, नवागांव, मोतीपुर, रामनगर, स्टेशनपारा, कमठी लाइन, सिनेमा लाइन, महाकाल चौक, दुर्गा चौक होते हुए शहर के विभिन्न मार्गों से गुजरी और वापस सिविल लाइन के अंबेडकर सांस्कृतिक भवन पहुंचकर संपन्न हुई।



### आज विविध आयोजन

अंबेडकर जयंती पर अंबेडकर सांस्कृतिक भवन में दिनभर विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। जिसमें सांस्कृतिक कार्यक्रमों से लेकर धम्म उपदेश, संविधान की प्रस्तावना का वचन, भंडारा प्रसादी और झांकियों का पुरस्कार वितरण संपन्न होगा। मोटर साइकिल रैली में शामिल होकर बौद्ध अनुयायियों ने जय भीम के नारे लगाए। वहीं शहर के जयस्तंभ चौक में संविधान की प्रस्तावना का समाज के लोगों ने पठन किया और बाबा साहब के दिखाएं मार्ग पर चलने शपथ ली।

### शहर में निकलेगी झांकी

अंबेडकर जयंती के अवसर पर सोमवार को शहर के 22 अलग-अलग वार्डों से झांकी निकाली जाएगी, जो विभिन्न मार्गों का भ्रमण करते अंबेडकर सांस्कृतिक भवन सिविल लाइन पहुंचेगी। इससे पहले सुबह 9 बजे स्थानीय कलेक्टोरेट कार्यालय परिसर में समाज के लोगों द्वारा बाबा साहब अंबेडकर की आदमकद प्रतिमा पर माल्यार्पण कर पूजा-अर्चना की जाएगी।

## गुरु घासीदास सेवा समिति सेक्टर 6 का हुआ शपथ ग्रहण

**भिलाई।** शपथ ग्रहण कार्यक्रम सतनाम भवन सेक्टर 6 में संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि राजमहंत डोमनलाल कोर्सेवाड़ा और कार्यक्रम के अध्यक्ष समिति के पूर्व अध्यक्ष रामदयाल देशलहरा थे। विशिष्ट अतिथि जिला पंचायत अध्यक्ष सरस्वती बंजारे, भिलाई तीन चरौदा नगर निगम के महापौर निर्मल कोसरे, पूर्व विधायक भुनेश्वर बघेल, सांवलाराम डाहरे, पंडवानी गायिका उषा बाई बारले, जनपद सदस्य झमित गायवकवाड़ थे। अतिथियों ने समिति के नव निर्वाचित अध्यक्ष बीएल कुर्रे, उपाध्यक्ष उर्मिला भास्कर, महासचिव नेतराम गिलहरे, कोषाध्यक्ष रामचंद्र देशलहरा, सहसचिव दिवाकर गायकवाड़, टेकराम बंजारे, राजेंद्र महिलांग और कार्यकारियों सदस्यों को शपथ दिलाई।सभी अतिथियों ने नवनिर्वाचित पदाधिकारियों ने शुभकामनाएं दीं। पूर्व मे बाबा गुरु घासीदास की पूजा अर्चना की गई। इस अवसर पर भागवत बंजारे, कमल टंडन, जेआर सोनवानी, केएल कोसले, नेतराम बारले, डीआर गुलशन, गजेंद्र साय, टीआर डाहरे, प्रियंका भार्गव, एमआर चंदवानी, राजेश टंडन, नोहर सिंह ढीढी, राजेंद्र बंजारे, एसआर भारद्वाज, गजानंद जांगड़े, मंशाराम कुर्रे, भरत बंजारे, प्रेमलाल गिलहरे, शीतल चेलक, आनंद बघेल, सुनील भारती आदि उपस्थित थे। कार्यक्रम का संचालन समिति के पूर्व महासचिव एमएल मिर्चे ने किया।

## जल संकट से जूझ रहे रेलवे बस्तीवासी



हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई नगर रेलवे स्टेशन की बस्ती में लोग गंभीर पेयजल संकट से जूझ रहे हैं। यहां के सारे बोर सूख चुके हैं और नल भी खराब हैं। करीब 4 हजार की आबादी हफ्ते भर से पानी को लेकर परेशान हैं। स्थानीय मोहल्लेवासियों के मुताबिक निगम का टैंकर आता है तो यहां पानी के लिए मारामारी मच जाती है। यहां के रहवासी सुलोचना सोनानी, वर्षा सोनानी, खिरो जाल, दव्यिा जाल, बेला बाई, नुनकी, पूनम महतो, सीमा महतो, मीना बघेल, लक्ष्मी सोनानी, मंजू बाघ, गुढ़ी दीप, शीला, पुष्पा निषाद, प्रीति, निधि, ममता, विमला निषाद ,कंचन बाई, कुंती बाई, रीता देवी, आर. वरलक्ष्मी, रीता साहू, सरिता सोनकर, शिववती, रानी, सरिता, ऋतु और रेणुका का कहना है कि स्थानीय जनप्रतिनिधियों से भी गुहार लगा चुके हैं लेकिन अभी तक राहत नहीं मिली है। लोगों ने निगम प्रशासन से राहत दिलाने की मांग की है।

## बीएसपी साइकिलिंग क्लब का आयोजन, निकाली साइकिल रैली

# फिट इंडिया अभियान, दिया पर्यावरण जागरुकता का पैगाम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

खेल मंत्रालय द्वारा प्रस्तावित संडे ऑन साइकिल अभियान के तहत मां शारदा पब्लिक स्कूल, बीएसपी साइकिलिंग क्लब, साइकिलिंग एसोसिएशन ऑफ छत्तीसगढ़ और ओए-बीएसपी के तत्वावधान में साइकिल रैली का आयोजन भिलाई में किया गया। रैली का शुभारंभ सुबह 7 बजे हुआ।

रैली में ओए के अध्यक्ष नरेन्द्र कुमार बंछोर, महासचिव परविन्दर सिंह, मां सारदा पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर पवन कुमार शर्मा, दुर्ग साइकिलिंग एसोसिएशन के सचिव देवप्रकाश वर्मा, कोषाध्यक्ष शशांक देशमुख, साइकल पोलो के कोच शैलेन्द्र, प्रतीक मनोदिया, मां सारदा पब्लिक स्कूल के शशि पाण्डेय तथा बड़ी संख्या में बालक-बालिकाओं ने भाग लिया। श्री बंछोर ने अपने उदबोधन में कहा कि साइकिलिंग करना न केवल स्वास्थ्य के लिए लाभप्रद है बल्कि इससे पर्यावरण संरक्षण भी होता है। उन्होंने वर्तमान परिवेश में साइकिलिंग की महत्ता व दैनिक जीवन में साइकिल के उपयोग को बढ़ाने हेतु सामूहिक प्रयास किये जाने पर जोर दिया। पवन कुमार शर्मा ने सभी से अधिक से अधिक साइकिलिंग करने का आव्हान किया। कार्यक्रम का संचालन परविन्दर सिंह ने किया । उन्होंने बताया कि रविवार को साइक्लोथॉन कार्यक्रम का भी आयोजन किया जाएगा।



online Booking:-www.tripuryatra.com
Individual & Group Tour
Honeymoon Tours
School Collage Tour
23 मई, 06 जून, 25 जुलाई, 14 अगस्त, 11 सितम्बर, 03 अक्टूबर 2025 (12 दिन)
सुविधा ज्यादा सबसे कम राशि पर
नेपाल विदेश यात्रा
पशुपतिनाथ, माँ मनोकामना देवी, लुम्बिनि (भगवान बुद्ध का जन्म स्थान), पोखरा(गुप्तेश्वर महादेव,डेविड फॉल विंध्यवासिनी मंदिर, फेवालेक), काठमांडू ( बूढ़ा नीलकंठ, बुद्ध स्तूप, काठमांडू दरबार ), गोरखपुर, बनारस (श्री काशी विश्वनाथ ज्योतिर्लिंग), अयोध्या (श्रीराम जन्मभूमि), जनकपुर (सीता मईया का जन्म स्थल), सीतामणी
नेपाल विदेश यात्रा के इंडिविजुअल (व्यक्तिगत) पैकेज के लिए संपर्क करें।
राशिः-स्लीपर 17500/-, 3 एसी 27,500/-, 2 एसी 30,500/-(+ 5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36, Sector-4, Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करेंः-7354-411411